रजिस्ट्री सं० डी०-(डी०)-73

REGISTERED No. D-(D)-73

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 44] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 29, 1977 (कार्तिक 7, 1899)

No. 44] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 29, 1977 (KARTIKA 7, 1899)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग III—खण्ड 4

PART III—SECTION 4

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 19 सितम्बर 1977

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गयी निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री आर० पी० श्रीवास्तव को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 3 सितम्बर, 1977 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है ।

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गयी निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है –

श्री आर० चन्द्रा को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 7 सितम्बर, 1977 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है ।

दिनांक 5 अक्तूबर 1977

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गयी निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है।

श्री एम० आर० मूलका को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 26 सितम्बर, 1977 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है ।

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गयी निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री एच० के० टण्डन को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 28 सितम्बर, 1977 से शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है ।

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गयी निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री टी० एस० कपुर को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ मे दिनांक 29 सितम्बर, 1977 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है ।

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गयी निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री एस० के० मुकर्जी को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ मे दिनांक 30 सितम्बर, 1977 से शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है ।

एच० सी० सरकार
प्रबन्ध निदेशक

बम्बई, दिनांक 4 अक्तूबर 1977

सूचना

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 के नियम 50 के अंतर्गत निर्मित भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियमावली 1955 के विनियम 76(1) के अनुसरण में केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति निम्नलिखित हस्ताक्षराधिकारो का प्रयोग करने के लिए निम्नांकित कर्मचारियों को एतद्द्वारा प्राधिकृत करती है :—

कितनी भी रकम की नगदी रसीदो पर हस्ताक्षर करना

शाखाओं के अतिरिक्त प्रधान रोकडिये ।

यह अधिसूचना दिनांक 18 मई 1966 की सूचना के संशोधन में जारी की जाती है ।

केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति
के आदेश से
हरिश्चन्द्र सरकार
प्रबंध निदेशक

दी इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया

नई दिल्ली-110002, दिनांक 18 अक्तूबर 1977

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

स० 1-सी० ए० (99)/ 77 —चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स एक्ट 1949 (1949 का 38 वा) की धारा (1) के अधीन प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए कोंसिल आफ दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया ने चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स रेगुलेशन्स 1964 में निम्नलिखित सशोधन किए जो पहले ही प्रकाशित और केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किए जा चुके है जैसा कि उपर्युक्त धारा की उप धारा (3) के अन्तर्गत अपेक्षित था ।

उपर्युक्त रेगुलेशन्स मे :—

उपर्युक्त रेगुलेशन्स की अनुसूची 'बी बी' के अंत में निम्नाकित अनुच्छेद जोड़े :

12 सशस्त्र सेनाओ के साथ सेवा को मान्यता

पेराग्राफ 10 व 11 के उद्देश्य के लिए, सशस्त्र सेनाओ मे एक आर्टिकिल्ड क्लर्क द्वारा अधिक से अधिक एक वर्ष अथवा एक आडिट क्लर्क द्वारा अधिक से अधिक दो वर्ष तक की गई सेवाए बतौर आर्टिकिल्ड क्लर्क अथवा आडिट क्लर्क जैसा भी मामला हो समझी जायेगी ।

13 प्रमाण पत्र के अभाव मे प्रशिक्षण का प्रमाण

ऐसे व्यक्ति के मामले मे, जो किसी ठोस कारण से किसी निर्विष्ट व्यक्ति द्वारा निर्दिष्ट प्रपत्र पर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने मे असमर्थ है, कौसिल ऐसा प्रमाण चाहेगी, जिसके आधार पर यह निश्चित किया जा सके कि अमुक व्यक्ति ने पैराग्राफ 10 व 11 के अन्तर्गत अपेक्षित अवधि के लिए या तो एक आर्टिकिल्ड क्लर्क के रूप मे अथवा बतौर एक आडिट क्लर्क के रूप में काम किया है ।

14 भारत में स्थाई रूप से बसने के लिए प्रभावित भारतीय मूल के व्यक्तियों को छूट

(1) भारतीय मूलक व्यक्ति को, जो कि किसी दूसरे देश का नागरिक रहा है अथवा न्यूनतम 5 वर्ष की अवधि के लिए स्थाई निवासी रहा है, तथा भारत आ गया है एवं इस तथ्य के संतोषजनक प्रमाण जुटा देता है कि आव्रजन के कारण इस उप पैराग्राफ के क्लाज (सी) के अन्तर्गत अंकित किसी मान्यता प्राप्त एकाउटैसी इस्टीट्यूट की निर्धारित परीक्षाओ अथवा प्रशिक्षण अवधि को पूर्ण नही कर सका, जिसमे वह बतौर विद्यार्थी पंजीकृत था तथा कौसिल की संतुष्टि के लिए उसे इस आशय का भी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा कि वह भारत में स्थाई रूप से बसने का इच्छुक है तथा उसने भारतीय नागरिकता प्राप्त कर ली है, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा परीक्षाओ के सदर्भ में निम्नांकित रियायतें दी जायेगी :—

(ए) यदि उसने इस उप-पैराग्राफ के क्लाज (सी) मे उल्लिखित किसी मान्यता प्राप्त एकाउन्टैन्सी इस्टीट्यूशन्स की प्रवेश, अथवा इंटरमीडिएट अथवा अंतिम परीक्षा का एक भाग उत्तीर्ण कर लिया है उसे इस्टीट्यूट की प्रवेश अथवा इटरमीडिएट अथवा अन्तिम परीक्षा का एक भाग, उत्तीर्ण कर लिया है, उसे इन्टीट्यूट की प्रवेश अथवा इन्टरमीडिएट परीक्षा अथवा अंतिम परीक्षा का एक भाग, जैसा कि कौसिल निश्चित करेगी, उत्तीर्ण किया हुआ माना जाएगा तथा कौसिल के निर्देशानुसार केवल शेष परीक्षा अथवा परीक्षा का एक भाग अथवा इस अनुसूची के अतर्गत निर्धारित परीक्षा ही उत्तीर्ण करनी होगी ।

(बी) यदि उसने इस उप-पैराग्राफ के क्लाज (सी) में उल्लिखित किसी मान्यता प्राप्त एकाउन्टैन्सी इस्टीट्यूशन्स की व्यावहारिक प्रशिक्षण की अवधि पूर्ण कर ली है अथवा इसका एक भाग पूर्ण कर चुका है, कौंसिल के निर्देशानुसार उसे ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण अथवा इसके एक भाग को उत्तीर्ण किया हुआ माना जाएगा और उसके पश्चात् उसे या तो इस बात की छूट होगी कि वह कोई व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर ले अथवा कौंसिल के निर्देशानुसार उसे ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण की अवधि की शेष अवधि को पूर्ण करना होगा।

(सी) इस पैराग्राफ में उल्लिखित मान्यता प्राप्त एकाउन्टैन्सी इंस्टीट्यूशन्स से तात्पर्य है :—

(1) दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स, इंग्लैंड तथा वेल्स में।

(2) दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ स्काटलैंड।

(3) दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ आयरलैंड।

(4) दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ सीलोन।

(5) दि पब्लिक एकाउन्टैन्टस एण्ड आडिटर्स बोर्ड आफ साउथ अफ्रीका।

(6) दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस आफ पाकिस्तान।

(7) बर्मा आडिटर्स सर्टिफिकेट सेल्स के अधीन स्थापित बोर्ड।

(8) दि इस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैंट्स आस्ट्रेलिया में।

(2) उपर्युक्त उप-पैराग्राफ के अधीन छूट के लिए ग्राहय व्यक्ति को लिखित रूप में ऐसी छूट के लिए आवेदन करना होगा तथा छूट शुल्क के समथ निम्नांकित कागजात जमा कराने होंगे :—

(1) व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं परीक्षाओ के संदर्भ में सम्बद्ध मान्यता प्राप्त एकाउन्टैन्सी इस्टीट्यूशन के नियमों एवं विनियमो की एक प्रति।

(2) उत्तीर्ण परीक्षा तथा प्राप्त प्रशिक्षण के सदर्भ में प्रशिक्षण अवधि के स्पष्ट उल्लेख सहित सम्बन्ध इंस्टीट्यूट द्वारा जारी प्रमाण पत्र।

(3) इस नियोक्ता का प्रमाण पत्र जिसके यहां प्रत्याशी ने कोई प्रशिक्षण प्राप्त किया हो, ऐसे प्रशिक्षण अवधि की तिथि के उल्लेख सहित।

(4) इस आशय का घोषणा पत्र कि प्रत्याशी भारत का स्थाई निवासी है तथा भारतीय नागरिकता प्राप्त करने का इच्छुक है।

(5) इस आशय का एक घोषणा-पत्र कि केवल मात्र भारत में स्थाई रूप से आव्रजन के शरण ही प्रत्याशी को उस इस्टीट्यूट सदस्य, जिसके साथ वह विद्यार्थी के रूप में पजीकृत था ऐसे इंस्टीट्यूट के नियमों के अनुसार शेष परीक्षाए उत्तीर्ण करने पर अथवा पूरी प्रशिक्षण अवधि पूर्ण करने पर, बनाए रखा जाता है।

(3) उपर्युक्त उप-पैराग्राफ (1) के अधीन छूट के लिए ग्राहय व्यक्ति को छूट के लिए कौंसिल द्वारा समय-समय पर निर्धारित शुल्क अदा करना होगा।

पी० एस० गोपालाकृष्णन, सचिव

सचार मंत्रालय

(डाक-तार-बोर्ड)

नई दिल्ली-1, दिनाक 10 अक्तूबर 1977

सूचना

क्रम सं० 25/140/77-एल० आई०—कैप्टन अम्बरीश लाल आनन्द की क्रमांक एल०सी०-3980 दिनाक 9-4-75 की 25000/- रुपए की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। उपनिदेशक, डाक जीवन बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए हैं। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

क्रम सं० 25/116/77-एल० आई०—सिपाही क्लर्क शेर बहादुर सिह की क्रमांक एल०-20487 दिनांक 23-4-74 की 10,000/- रुपए की डाक जीवन बीमा पालिसी विभाग के संरक्षण से गुम हो गई है। यह सूचित किया जाता है कि उक्त पालिसी का भुगतान रोक दिया गया है। उपनिदेशक, डाक जीवन बीमा, कलकत्ता को बीमेदार के नाम पालिसी की दूसरी प्रति जारी करने के अधिकार दे दिए गए है। जनता को चेतावनी दी जाती है कि मूल पालिसी के संबंध में कोई लेन-देन न करें।

एस० श्रीनिवासन
निदेशक (डाक जीवन बीमा)

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

बम्बई, दिनाक 6 अक्तूबर 1977

स० जी० एस० आर०—कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 (1963 का 10) की धारा 82 (2) के अनुसरण में 30 जून 1977 को समाप्त हुए वर्ष के लिये निगम के कामकाज के बारे में बोर्ड की रिपोर्ट और 30 जून, 1977 को समाप्त हुए वर्ष के लिये निगम का तुलन पत्र और लाभ-हानि लेखा नीचे प्रकाशित किये जाते है —

कृपुविनिगम एक दृष्टि मे

लाख रुपये

साधन	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को			उपयोग	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को		
	1975	1976	1977		1975	1976	1977
चुकता शेयर पूजी और आरक्षित राशिया	2272	2940	4211	निम्नलिखित को प्रदान किया गया पुनर्वित्त (बकाया)			
भारत सरकार से लिए गये उधार	19662	25009	34001	राज्य भूमि विकास बैंक	34382	42582	52544
(जिसमे से अतर्राष्ट्रीय विकास सघ (आईडीए)				(जिसमें से अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के अधीन)	(16756)	(24829)	(33208)
अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आईबीआरडी) की सहायता का अश	(11698)	(17045)	(26044)	अनुसूचित वाणिज्य बैंक	5150	11195	18568
				(जिनमे से अविसघ/अपुवि परियोजनाओ के अधीन प्राप्त)	(1388)	(5353)	(10217)
भारतीय रिजर्व बैंक से लिए गये उधार							
दीर्घकालीन प्रवर्तन निधि	8820	13840	17260				
अल्पकालीन	450	170	—	राज्य सहकारी बैंक	1154	1157	1108
खुले बाजार से लिए गये उधार	9921	13771	18171	जिनमे से (अविसंघ परियोजनाओ के अधीन प्राप्त	—	(7)	(18)

विकास का इतिहास

लाख रुपये

विवरण	जून के अन्त की स्थिति								
	1969	1970	1971	1972	1973	1974	1975	1976	1977
चुकता शेयर पूंजी और आरक्षित राशियां	500	509	523	1044	1082	1650	2772	2940	421
विशेष जमा राशियां	61	74	87	99	117	141	179	230	292
राजकीय सहायता के ऋण	14	14	14	14	14	—	—	—	—
उधार :									
भारत सरकार से—	2575	4475	6675	7713	12485	16350	19662	25009	34001
भारतीय रिजर्व बैंक से	—	—	752	839	3820	6560	9270	14010	17260
अल्पावधि	—	—	752	339	370	1160	450	170	—
दीर्घावधि	—	—	—	500	3450	5400	8820	13840	17260
खुले बाजार से	—	1094	1946	2771	3871	6621	9921	13771	18171
दिया गया पुनर्वित (शुद्ध)	3040	5889	8893	12341	21614	30974	40686	54939	72220
डिबेंचर	2785	5460	8124	10964	19560	27151	34382	42582	52544
ऋण	255	429	769	1377	2054	3823	6304	12357	19676
अन्य आस्तियां	122	159	258	360	632	929	1417	2017	3040
निवेश और नगदी आरक्षित राशियां	52	250	1003	2	4	8	26	37	24
सकल आय	110	273	427	606	924	1553	2214	2991	4095
कर पूर्व लाभ	48	67	69	109	171	309	442	585	785
देय कर	26	37	34	58	89	160	231	309	340
करोत्तर लाभ	22	30	35	51	81	149	211	276	445
अदा किया गया लाभांश	21	21	21	31	44	66	89	109	173

सारणी 1

पुनर्वित्त का प्रयोजनवार वितरण

लाख रुपये

प्रयोजन	30 जून 1969 तक —	निम्नलिखित वर्षों में								30 जून 1977 को
		1969-70	1970-71	1971-72	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	1976-77	
लघु सिंचाई	1281	2233	2306	2674	8418	8530	8378	10818	14210	58830
	(42 1)	(78.1)	(75 3)	(76.4)	(89 4)	(87.1)	(78.7)	(63.2)	(64.4)	(72.2)
भूमि विकास /उधार/संरक्षण/	1388	332	437	237	230	178	201	492	587	4063
कमान क्षेत्र विकास	(45.5)	(11.6)	(14 3)	(6 8)	(2 4)	(1.8)	(1.9)	(2.8)	(2.6)	(4.9)
कृषि मशीनीकरण/कृषि सेवा केन्द्र	14	16	11	36	218	375	1223	4575	5177	11665
	(0.5)	(0.6)	(0.4)	(1 0)	(2 3)	(3.9)	(11.5)	(26.7)	(23.4)	(14.3)
बागान/बागवानी	207	150	199	205	149	219	200	307	516	2165
	(6.7)	(5.2)	(6.5)	(5 9)	(1 6)	(2.3)	(1.9)	(1.8)	(2 3)	(2.6)
मुर्गीपालन और भेड़पालन	1	6	—	—	15	9	65	68	66	232
	(0.1)	(0.2)	(—)	(—)	(0 2)	(0.1)	(0.6)	(0.4)	(0.3)	(0.3)
मछलीपालन	56	36	37	59	12	86	178	243	196	902
	(1 8)	(1.3)	(1.2)	(1.7)	(0 1)	(0.9)	(1.7)	(1.4)	(0.9)	(1.1)
डेरी विकास	—	—	—	39	26	82	158	288	354	953
	(—)	(—)	(—)	(1.1)	(0.3)	(0.8)	(1.5)	(1.7)	(1.6)	(1.1)
भण्डार और बाजार केंद्र (माकट-यार्ड)	100	87	72	248	346	293	237	319	953	2652
	(3 3)	(3.0)	(2 3)	(7 1)	(3.7)	(3.0)	(2.2)	(1.9)	(4.3)	(3.2)
अन्य :—										
वानिकी	—	—	—	—	—	—	—	—	18	18
	(—)	(—)	(—)	(—)	(—)	(—)	(—)	(—)	(0.1)	(0.1)
कृषि विमानन	—	—	—	—	—	12	—	5	—	17
	(—)	(—)	(—)	(—)	(—)	0.1	(—)	(0.1)	(—)	(0.1)
समेकित रूई विकास	—	—	—	—	—	—	—	—	5	5
									(0.1)	(0.1)
जोड़	3047	2860	3062	3498	9414	9784	10640	17115	22082	81502
	(100 0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।

सारणी 2

पुनर्वित्त का एजेंसीवार वितरण

लाख रुपये

एजेंसी	30 जून 1969 तक	निम्नलिखित वर्षों में								30 जून 1977 तक
		1969-70	1970-71	1971-72	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	1976-77	
राज्य भूमि विकास बैंक	2785	2675	2665	2839	8614	7776	7706	9909	12670	57633
	(91.4)	(93.5)	(87 0)	(81.2)	(91.5)	(79.5)	(72.4)	(57.9)	(57.4)	(70.7)
जिसमें अविसंघ की सहायता का अंश	—	—	—	537	6358	5292	5158	9069	10053	36507
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	106	56	278	326	449	1736	2787	7075	9298	22117
	(3 5)	(2 0)	(9.1)	(9.3)	(4.8)	(17.7)	(26 2)	(41.3)	(42 1)	(27.1)
जिसमें अंपुवि बैंक की सहायता का अंश	—	—	111	8	4	1	10	31	30	195
जिसमें अविसंघ की सहायता का अंश	—	—	—	—	—	342	979	4133	5526	10980
राज्य सहकारी बैंक	156	129	119	333	351	272	147	131	114	1752
	(5 1)	(4 5)	(3.9)	(9.5)	(3.7)	(2.8)	(1.4)	(0.8)	(0.5)	(2 2)
जिसमें अविसंघ की सहायता का अंश	—	—	—	—	—	—	—	7	11	18
कुल जोड़	3047	2860	3062	3498	9414	9784	10640	17115	22082	8150
	(100.0)	(100 0)	(100 0)	(100.0)	(100 0)	(100 0)	(100 0)	(100.0)	(100 0)	(100 0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल का प्रतिशत है ।

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

चौदहवीं वार्षिक रिपोर्ट —1976-77

कारबार

आलोच्य वर्ष के दौरान निगम के कारबार के मुख्य पहलू इस प्रकार थे—वितरण का नया उच्च स्तर, क्षेत्रीय असंतुलन कम करने के लिये और अधिक विशाखीकरण और संवर्धन कार्य, पहली क पु वि निगम ऋण परियोजना का निर्धारित समय से छ महीने पहले ही पूरा किया जाना और अं वि संघ से निगम को 2000 लाख डालर की दूसरी ऋण प्रणाली की स्वीकृति।

1.2 इस वर्ष के दौरान निगम के पुनर्वित्त का कुल वितरण 221 करोड रुपये तक पंहुच गया। इस प्रकार आलोच्य वर्ष के लिये परिकल्पित 220 करोड रुपये का सदर्श उधार कार्यक्रम पूरा किया गया। इससे यह पता लगता है कि कृषि निवेश का कार्य करने के लिये सांस्थानिक ऋण की मांग बढ़ रही है और कृषि की उत्पादक योजनाओं के वित्तपोषण हेतु आवश्यक सहायता और साधन प्रदान करने के लिये निगम के प्रति सामान्य विश्वास बढ़ रहा है।

1.3 वितरण का अधिकांश भाग अर्थात् 156 करोड़ रुपये अथवा 71 प्रतिशत विश्व बैंक समूह द्वारा सहायता की गयी परियोजनाओं से संबंधित था। निगम के आरम्भ से लेकर अब तक उसके द्वारा किया गया पुनर्वित्त का कुल वितरण 815 करोड रुपये तक पहुच गया। इसमे विश्व बैंक द्वारा सहायता की गई विभिन्न योजनाओ के लिये वितरित वे 477 करोड़ रुपये शामिल है जिनके कारण निगम 3500 लाख डालर की विदेशी मुद्रा आहरित करने के योग्य हो सका।

1.4 प्राय: सभी राज्यो ने (महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, मेघालय, दिल्ली, पाडिचेरी, गोवा और त्रिपुरा को छोड़कर) पुनर्वित्त प्राप्त करने में वृद्धि की है। (सारणी 4)। महाराष्ट्र मे कमी का कारण यह था कि 1975-76 के दौरान रा भू वि बैंको के अतिदेयो का उच्च स्तर विद्यमान था जिसके कारण इस बैंक की शाखाओ के पात्र उधार कार्यक्रम में रुकावट आयी और इसके फल-स्वरूप सामान्य और विशेष विकास डिबेचर कार्यक्रम दोनो के अन्तर्गत उपलब्ध पुनर्वित्त की मात्रा मे कमी आयी।

1.5 उत्तर प्रदेश, कुल 37 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त करके लगातार चौथे वर्ष भी पुनर्वित्त प्राप्त करने मे अन्य राज्यों से अग्रणी बना रहा और इसके बाद क्रमश: मध्य प्रदेश (26 करोड रुपये), कर्नाटक (22 करोड रुपये) और आध्र प्रदेश (21 करोड रुपये) का स्थान था। उत्तर प्रदेश के मामले में पिछले वर्ष की अपेक्षा 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

1.6 निगम के आरम्भ से लेकर अब तक उसकी पुनर्वित्त सहायता से अधिकतम लाभान्वित होने वाले जिन राज्यों मे से प्रत्येक ने कुल वितरण का 10 प्रतिशत से अधिक भाग प्राप्त किया है वे उत्तर प्रदेश (121 करोड़ रुपये) और महाराष्ट्र (88 करोड रुपये) है। अन्य राज्यो मे से तमिलनाड़ (78 करोड रुपये), कर्नाटक (77 करोड़ रुपये), आन्ध्र प्रदेश (76 करोड़ रुपये), हरियाणा (75 करोड रुपये), मध्य प्रदेश (71 करोड़ रुपये), और पंजाब (68 करोड रुपये), में से प्रत्येक ने पुनर्वित्त के 8 से 10 प्रतिशत के बीच की राशि प्राप्त की है।

1.7 निगम से प्राप्त पुनर्वित्त की मात्रा के अनुसार राज्यो का श्रेणीक्रम सारणी 3 में दर्शाया गया है। आलोच्य वर्षके दौरान जिन राज्यो ने अपनी स्थिति मे सुधार किया है वे मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बगाल है, जबकि कई अन्य राज्यो, विशेषकर महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार और उड़ीसा का श्रेणीक्रम इस तथ्य के बावजूद कम हो गया है कि महाराष्ट्र को छोडकर अन्य राज्यो द्वारा प्राप्त पुनर्वित्त की कुल मात्रा पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक थी।

सारणी 3

निगम से आहरित पुनर्वित्त की राशि के अनुसार राज्यो का श्रेणी क्रम

राज्य	1974-75	1975-76	1976-77
उत्तर प्रदेश	1	1	1
मध्य प्रदेश	3	4	2
कर्नाटक	5	3	3
आंध्र प्रदेश	7	8	4
महाराष्ट्र	2	2	5
हरियाणा	4	5	6
पजाब	10	7	7
विहार	6	6	8
तमिलनाडु	8	9	9
राजस्थान	11	10	10
पश्चिम बंगाल	14	14	11
उड़ीसा	13	11	12
गुजरात	9	12	13
केरल	12	13	14

सारणी 4

पुर्नवित्त का विवरण-राज्यवार

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	30 जून 1969 तक	निम्नलिखित वर्षों में								30 जून 1977 तक
		1969-70	1970-71	1971-72	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	1976-77	
I. उत्तरी क्षेत्र										
दिल्ली	—	6 (0.2)	—	—	—	7 (0.1)	12 (0.1)	28 (0 2)	10 (0 1)	64 (0 1)
हरियाणा	303 (9.9)	263 (9 2)	362 (11 8)	326 (9.3)	1020 (10.8)	803 (8.2)	1075 (10 1)	1569 (9 2)	1770 (8.0)	7491 (9 1)
हिमाचल प्रदेश	—	—	—	—	—	4 (0.1)	4 (0 1)	16 (0 1)	2 (—)	28 (—)
जम्मू और काश्मीर	32 (1.0)	20 (0.7)	11 (0.4)	7 (0.2)	—	—	—	17 (0.1)	6 (—)	94 (0 1)
पंजाब	653 (21.4)	654 (22 9)	556 (18 2)	386 (11 0)	607 (6.5)	489 (5 0)	407 (3 8)	1306 (7 6)	1731 (7 8)	6787 (8 3)
राजस्थान	6 (0 2)	77 (2.7)	77 (2 5)	83 (2.4)	136 (1.4)	283 (2 9)	350 (3 3)	536 (3 1)	787 (3 6)	2341 (2 9)
	994 (32 5)	1020 (35.7)	1006 (32 9)	802 (22.9)	1763 (18 7)	1586 (16.3)	1848 (17 4)	3472 (20 3)	4306 (19 5)	16805 (20 5)
II उत्तरी पूर्वी क्षेत्र										
असम	70 (2 4)	4 (0.1)	—	32 (0.9)	—	29 (0 3)	—	5 (—)	70 (0.3)	210 (0 2)
मेघालय	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
नागालैंड	—	—	—	—	—	4 (0 1)	4 (0.1)	2 (—)	3 (—)	13 (0 1)
मणिपुर	—	—	—	—	—	—	—	5 (—)	8 (0 1)	13 (0 1)
त्रिपुरा	—	—	—	—	—	—	—	1 (—)	2 (—)	3 (—)
	70 (2.4)	4 (0.1)	—	32 (0 9)	—	33 (0.4)	4 (01)	13 (0 1)	83 (0 4)	239 (0 4)

सारनी–4 (जारी)

पुनर्वित्त का विवरण राज्यवार

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	30 जून 1969 तक	निम्नलिखित वर्षों में								30 जून 1977 तक
		1969-70	1970-71	1971-72	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	1976-77	
III पूर्वी क्षेत्र										
बिहार	18	61	113	67	154	585	932	1318	696	4938
	(0.6)	(2.1)	(3 7)	(1.9)	(1.6)	(5.9)	(8 8)	(7.6)	(7 7)	(6.1)
उड़ीसा	4	18	6	8	11	8	82	338	565	1036
	(0.1)	(0.6)	(0.2)	(0.2)	(0.1)	(0.1)	(0 8)	(2.0)	(2 6)	(1.3)
पश्चिम बंगाल	2	1	10	5	4	22	69	159	590	859
	(0.1)	(0.1)	(0.3)	(0.2)	(0.1)	(0.2)	(16)	(1.0)	(2.70)	(1.1)
	24	80	129	80	169	615	1083	1815	2851	6833
	(0.8)	(2.8)	(4.2)	(2.3)	(1.8)	(6.2)	(10.2)	(10.6)	(13.0)	(8.5)
IV. मध्य क्षेत्र										
मध्य प्रदेश	29	49	91	187	319	645	1234	1932	2610	7105
	(1 0)	(1.7)	(2,9)	(5.3)	(3.4)	(6 6)	(11 6)	(11.3)	(11 8)	(8 7)
उत्तर प्रदेश	122	256	293	604	1143	1498	1849	2598	3720	12081
	(4 0)	(9.0)	(9.6)	(17.3)	(12 1)	(15.3)	(17.3)	(15.2)	(16 9)	(14 8)
	151	305	384	791	1462	2143	3083	4530	6330	19186
	(5 0)	(10.7)	(12.5)	(22 6)	(15 5)	(21.9)	(28 9)	(26 5)	(28 7)	(23 5)

सारनी–4 (जारी)

पुनर्वित का वितरण-राज्यवार

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य सघशासित क्षेत्र	30 जून 1969 तक	निम्नलिखित वर्षों मे								30 जून 1977 तक
		1969-70	1970-71	1971-72	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76	1976-77	
	—	—	—	—	—	3	5	23	24	55
						(0.1)	(0 1)	(0.1)	(0.1)	(0 1)
गुजरात	207	131	190	262	2794	788	427	333	402	5534
	(6.8)	(4.6)	(6.2)	(7 5)	(29 7)	(8 0)	(4.0)	(1 9)	(1.8)	(6 8)
महाराष्ट्र	189	349	233	456	732	1271	1358	2248	1928	8768
	(6 2)	(12.2)	(7.6)	(13.0)	(7 8)	(13 0)	(12 7)	(13.2)	(8 7)	(10 8)
	396	480	423	718	3526	2062	1790	2604	2354	
	(13 0)	(16 8)	(13 8)	(20 5)	(37 5)	(21 1)	(16 8)	(15 2)	(0.6)	(17.7)
VI दक्षिणी क्षेत्र										
आध्र प्रदेश	809	607	342	285	847	423	892	1295	2122	7620
	(26 5)	(21.2)	(11.2)	(8.2)	(9.0)	(4 3)	(8 4)	(7.6)	(9.6)	(9.3)
कर्नाटक	261	166	274	325	405	1099	1008	1946	2190	7675
	(8.6)	(5.7)	(8.9)	(9 3)	(4 3)	(11 2)	(9.5)	(11.4)	(9 9)	(9.4)
केरल	17	35	82	97	28	103	100	208	247	917
	(0 5)	(1.2)	(2.7)	(2 8)	(0 3)	(1 0)	(0.9)	(1 2)	(1 1)	(1.1)
पडिचेरी	—	—	—	—	—	8	15	4	—	27
						(0.1)	(0.1)	(0 1)		(0 1)
तमिलनाडु	325	162	422	368	1213	1712	817	1228	1599	7843
	(10 7)	(5.7)	(13.8)	(10 5)	(12 9)	(17.5)	(7.7)	(7 2)	(7 2)	(9 5)
	1412	970	1120	1075	2493	3345	2832	4681	6158	24082
	(46 3)	(33.9)	(36 6)	(30.8)	(26 5)	(34 1)	(26 6)	(27 5)	(27 8)	(29 4)
कुल जोड (I से VI)	3047	2860	3062	3498	9414	9784	10640	17115	22082	81502
	(100 0)	(100.0)	(100 0)	(100 0)	(100 0)	(100.0)	(100 0)	(100.0)	(100 0)	(100 0)

कोष्ठको मे दिये गये आंकडे कुल का प्रतिशत है ।

1 8 यदि प्रयोजनवार देखा जाए, कृ पु वि निगम के वितरण का अधिकाश भाग लघु सिचाई के लिये प्रदान किया गया (सारणी 1)। 1 आलोच्य वर्ष के दौरान इसके लिये 142 करोड रुपये अथवा पुनर्वित्त की कुल राशि का 64 प्रतिशत वितरित किया गया। पिछले वर्ष उसके 63 प्रतिशत का वितरण किया गया था । इस पर भी कार्यों के विशाखीकरण में वृद्धि होने के बावजद इस श्रेणी (588 करोड रुपयों का सकल वितरण) का अश कुल वितरणों की तुलना में घटकर 72 प्रतिशत रह गया जबकि पिछले वर्ष उसका वह अश 75 प्रतिशत था । लघु सिचाई के अन्तर्गत किये गये वितरण में पम्प सेटों में बिजली लगाने के लिये 11 करोड रुपयों की सहायता शामिल है जबकि इस कार्य के लिए पिछले वर्ष 6 करोड रुपये प्रदान किये गये थे, इस योजना के अन्तर्गत तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और उडीसा ने पुनर्वित्त सहायता प्राप्त की है, जबकि गुजरात, केरल और राजस्थान के प्रस्ताव विचाराधीन हैं।

1 9 कृषि मशीनीकरण के लिये किया गया वितरण से पिछले वर्ष के 46 करोड रुपयों से बढकर 52 करोड रुपये हो गया है। इस वर्ष के अन्तर्गत पिछले दो वर्षों के दौरान किये गये अधिकतर वितरण पजाब, हरियाणा, आध्र प्रदेश, कर्नाटक, और तमिलनाडु की कृषि ऋण परियोजनाओं के अतर्गत आयातित और देशी ट्रैक्टरों को प्राप्त करने में हुई क्षति को पूरा करने के लिये किये गये थे। भडार और बाजार केन्द्र (मार्केट यार्ड) अन्य ऐसे वर्ग थे, जिनके अन्तर्गत इस वर्ष के दौरान काफी वितरण किया गया है और इनके अधीन 9 5 करोड रुपये वितरित किये गये हैं जबकि पिछले वर्ष के दौरान 3 2 करोड़ रुपये वितरित किये गये थे। अनाज के सग्रह के लिये भारतीय खाद्य निगम को पट्टे पर देने के निमित्त निजी पार्टियों द्वारा गोदामों का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण करने हेतु भारतीय खाद्य निगम (भा खा निगम) की योजना के लिये वितरण का अधिकाश भाग प्रदान किया गया था । वाणिज्य बैंकों द्वारा पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में चाय बागानों का वित्तपोषण पुन प्रारम्भ किया गया है। इस वर्ष के दौरान 73 लाख रुपयों के वायदों वाली पाच नयी योजनाए मजूर की गयी हैं और 38 लाख रुपयों का वितरण किया गया है। भूमि विकास, बागान और बागवानी और डेरी विकास के अन्तर्गत किये गये वितरण में वृद्धि परिलक्षित होती रही तथा अगले दो वर्षों के दौरान इनसे सबधित वितरण में और अधिक वृद्धि होने की सभावना है।

1 10 पिछले वर्ष के अन्त तक और जून, 1977 को वायदों से वितरण का प्रतिशत सारणी 5 में दर्शाया गया है। आलोच्य वर्ष के दौरान किये गये कुल आहरण कृ पु वि निगम के कुल वायदों के 38 करोड रुपयों का करीब 58 प्रतिशत होते हैं जबकि पिछले वर्ष का उक्त प्रतिशत 57 7 था। (विवरण 1)

सारणी 5

वायदों से वितरण का प्रतिशत

करोड़ रुपये

प्रयोजन	1975-76 तक कृ पु वि निगम के वायदे	30 जून 1976 तक आहरित राशि	2 से 3 का प्रतिशत	1976-77 तक कृ पु वि निगम के वायदे	30 जून 1977 तक आहरित राशि	5 से 6 का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
1 लघु सिचाई .	611.2	446 0	73.0	754 7	588 3	78.0
2 भूमि विकास और भूमि सरक्षण .	54 5	35.0	64 2	70 3	40.7	57.9
3 कृषि मशीनीकरण . .	100.1	65.0	64 9	146 0	116.7	79.9
4 बागान और बागवानी . .	30.2	16 4	54 3	34 3	21.7	63.3
5 मुर्गी और भेड पालन . .	2.7	1.6	59.3	4.8	2 3	47.9
6 मछली पालन . . .	10.8	7.1	65.7	14 5	9 0	62.1
7 डेरी विकास . . .	14.9	5.9	39.6	18.7	9.5	50.8
8 भडार सुविधाए और बाजार केन्द्र	23 4	17 0	72 6	44 9	26.5	59.0
जोड .	847 8	594 0	70 1	1088 2	814 6	74.7

1.11 पुनर्वित्त कार्यक्रम में अड़सठ सदस्य बैंकों ने भाग लिया । इनमें 16 भूमि विकास बैंक, 36 अनुसूचित वाणिज्य बैंक और 16 राज्य सहकारी बैंक शामिल है । यदि एजेंसी के अनुसार देखा जाए, भूमि विकास बैंक निगम के मुख्य ग्राहक बन रहे जबकि वाणिज्य बैंक का स्थान उनके बहुत ही निकट था (सारणी 2) । आलोच्य वर्ष के दौरान भू वि बैंकों को 127 करोड़ रुपये का कुल पुनर्वित्त प्रदान किया गया जो पिछले वर्ष के दौरान उनको प्रदान किये गये 99 करोड़ रुपयों से 28 प्रतिशत अधिक था । पिछले दो वर्षों के दौरान कुल वितरणों में इन बैंकों के वितरणों का अंश 57 प्रतिशत पर प्राय स्थिर बना रहा । यह महत्वपूर्ण है कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश और उड़ीसा में कार्यरत जिन भू वि बैंकों ने इससे पहले के वर्षों में पर्याप्त पुनर्वित्त प्राप्त नहीं किया था उन्होंने अपने वसूली कार्य में वृद्धि हेतु जोरदार कदम उठाये हैं और इस प्रकार व इस वर्ष के दौरान बढ़े हुए उधार कार्यक्रमों के पात्र हो गये हैं ।

सारणी 6

लाख रुपये

भू वि बैंक का नाम	रा भु वि बैंकों को प्रदान किया गया पुनर्वित्त		
	1974-75	1975-76	1976-77
राजस्थान	213	276	327
बिहार	712	592	764
उड़ीसा	46	101	357
पश्चिम बंगाल	28	129	281
मध्य प्रदेश	824	930	1535
उत्तर प्रदेश	1326	1605	2009

1.12 वाणिज्य बैंकों का कार्य उत्साहवर्धक रहा है । कृ पु वि निगम इसे अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि मानता है कि वाणिज्य बैंक उसके कार्यक्रमों में इधर हाल ही के वर्षों से भाग लेने लगे हैं । उक्त बैंकों द्वारा 1975-76 में प्राप्त पुनर्वित्त 71 करोड़ रुपयों से बढ़कर इस वर्ष के दौरान 93 करोड़ रुपये हो गया है । कुल पुनर्वित्त में उनका अंश 41 प्रतिशत से थोड़ा सा बढ़कर 42 प्रतिशत हो गया है । वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राप्त राशि का करीब 45 प्रतिशत विशेषकर उन क्षेत्रों की लघु सिंचाई योजनाओं के लिये है जहां सहकारी ऋण विन्यास कमजोर है । वाणिज्य बैंकों ने विशाखीकृत उधार प्रदान करने, विशेषकर कृषि मशीनीकरण, डेरी विकास और भंडार बाजार केन्द्र के लिये उधार देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है ।

1.13 राज्य सहकारी बैंकों ने कृ पु वि निगम की योजनाओं में न के बराबर भाग लिया है और उन्होंने निगम से केवल 1 करोड़ रुपये ही प्राप्त किये हैं । उड़ीसा राज्य सहकारी बैंक ने अपने कार्यक्रमों, नीतियों और प्रक्रियाओं का इस उद्देश्य से पुनर्निर्धारण करने के जो प्रयास किये हैं कि लघु सिंचाई के लिये परियोजना ऋण प्राप्त करने में सुविधा हो, वे वास्तव में सही दिशा में किये गये प्रयत्न हैं ।

1.14 कृ पु वि निगम ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक 815 करोड़ रुपयों के कुल वितरण किये हैं जो आधार स्तर पर लगभग 1020 करोड़ रुपयों के निवेश के द्योतक हैं । और इनमें उधारकर्ताओं, सदस्य बैंकों और राज्य सरकारों द्वारा किये गये अंशदान शामिल हैं । अद्यतन उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर विभिन्न योजनाओं के अधीन वास्तविक उपलब्धि की स्थिति नीचे दर्शायी गयी है .

नलकूप	2,28,400
खोदे गये कुएं	3,60,700
बिजली के पंपसेट/तेल इंजन	5,24,600
उद्वाही सिंचाई	1,000
अन्य (बरमा और रहट)	14,750

	हेक्टेयर		हेक्टेयर
काफी	8,670	सुपारी	1,300
चाय	1,975	सेब	7,200
रबड़	2,000	नीबू प्रजाति के फल और	
इलायची	1,425		
नारियल	37,900	अन्य फल	1,09,00

1.15 निगम ने अपने कार्यकलाप के 14 वर्षों के दौरान करीब 23.5 लाख हेक्टेयर भूमि को बहु फसली क्षेत्र के अन्तर्गत लाने में सहायता पहुंचाई है । बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के कमान क्षेत्र के अन्तर्गत विकसित भूमि और भूमि संरक्षण योजनाओं के अधीन उन्नत किया गया क्षेत्रफल कुल मिलाकर 8.2 लाख हेक्टेयर होता है । बागान और बागवानी की विभिन्न योजनाओं के अधीन विकसित कुल क्षेत्रफल लगभग 71,400 हेक्टेयर होता है ।

1.16 जिन अन्य कार्यकलापों के लिये निगम द्वारा पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान की गई हैं वे नीचे लिखे अनुसार हैं :—

भंडार	21.50 लाख मीटरी टन
बाजार केन्द्र	175 यूनिट
ट्रैक्टर	24,000 यूनिट
कंबाइन/फसल काटने की मशीनें / बुलडोजर/ बिजली चलित जोतने की मशीनें	2,070 यूनिट
जालवाले पोत/यंत्रीकृत नावें	1,410 यूनिट
दुधार पशु	47,500 पशु
मुर्गीपालन के पक्षी	6,81,200 चूजे
भेड़	95,250 पशु
कृषि विभाग	2 यूनिट

स्वीकृतियाँ

आलोच्य वर्ष के दौरान स्वीकृत योजनाओं की सख्या और वायदा को गयी पुनर्वित्त की राशि दोनो मे ही उल्लेखनीय वृद्धि हुई है । 1975-76 में 297 करोड़ रुपये की वायदे वाली 909 योजनायें मजूर की गई थी । इसके मुकाबले निगम ने आलोच्य वर्ष के दौरान 1653 योजनाये मंजूर की है जिनके वायदे की कुल राशि 307 करोड़ रुपये है (विवरण 2) । सामान्य प्रवृत्ति के अनुरूप लघु सिचाई एकमात्र ऐसा विशालतम प्रयोजन बना रहा जिसकी 657 योजनाओं के वायदे की कुल राशि 178 करोड़ रुपये है जबकि पिछले वर्ष इस प्रयोजन के लिये 410 योजनाए मजूर की गयी थी और उनके वायदो की राशि 167 करोड़ रुपये थी । ऋण के विशाखीकरण मे महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। आलोच्य वर्ष के दौरान कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम की योजनाओं सहित भूमि विकास, बागान और बागवानी, मुर्गी और भेडपालन, डेरी विकास और भडार और बाजार केन्द्र की योजनाये बडी सख्या में मजूर की गयी है । लघु सिचाई को छोड़कर अन्य प्रयोजनों की योजनाओं की सख्या 996 है । इनमे सबधित वायदो की कुल राशि 129 करोड़ रुपये होती है जबकि पिछले वर्ष स्वीकृत 499 योजनाओ के लिये वायदो की राशि 130 करोड़ रुपये थी । आजकल बैंक सधन कम परिव्यय वाली ऐसी योजनाओ को तरजीह दे रहे है जो सघन क्षेत्र मे कार्यान्वित की जाती हो ।

2.2 आलोच्य वर्ष के दौरान स्वीकृत योजनाओं की सख्या और वायदो की मात्रा दोनो ही दृष्टियो मे वाणिज्य बैंको का प्रथम स्थान था (विवरण 4) । वाणिज्य बैंको की 156 करोड़ रुपयो की वायदेवाली 1105 योजनाएं मजूर की गयी है जबकि पिछले वर्ष के दौरान उनकी 119 करोड़ रुपयों के वायदा राशिवाली 650 योजनाए मजूर की गयी थी । भू वि बैंको को मंजूर की गई योजनाओं की सख्या मे भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है और उनकी सख्या पिछले वर्ष की 256 के मुकाबले 528 हो गई है किन्तु उनके वायदों की कुल राशि 177 करोड़ रुपयो के मुकाबले घटकर 141 करोड रुपये रह गयी है । भू वि बैंकों द्वारा अपने उधार प्रदान किये जाने मे विशाखीकरण लाने की प्रवृत्ति जारी रही । आलोच्य वर्ष के दौरान उन्हे विशाखीकृत उधार प्रदान करने की 276 योजनाए मजूर की गयी है । वाणिज्य बैंको द्वारा प्रवर्तित अधिकाश योजनाएं विशाखीकृत उधार से सबधित थी ।

2.3 राज्य सहकारी बैंको को स्वीकृत योजनाओ की संख्या मे थोड़ी सी वृद्धि हुई है । पिछले वर्ष के दौरान उन्हे 1 करोड़ रुपये से कम के वायदेवाली केवल तीन योजनाएं मंजूर की गई थीं जबकि आलोच्य वर्ष के दौरान उन्हे 10 करोड रुपयों के वायदेवाली बीस योजनाये स्वीकृत की गयी हैं । जहा तक कृ पु वि निगम के कार्यक्रमो का संबंध है, इन बैंको ने निगम के मुख्यत: डेरी, मुर्गीपालन और मछलीपालन से सबधित कार्यक्रमों मे बहुत कम भाग लिया है ।

2.4 जून 1977 के अन्त तक निगम ने 4487 योजनाये मंजूर की है और इनके वायदो की कुल राशि करोड़ 1465 रुपये है (सारणी 5) । इनमे स 500 करोड रुपये के वायदेवाली 2882 योजनाए वाणिज्य बैंको को, 935 करोड़ रुपयों के वायदेवाली 1541 योजनाए भू वि बैंको को और 30 करोड़ रुपयों के वायदेवाली 64 योजनाए राज्य सहकारी बैंको को मजूर की गयी है । (विवरण 7) ।

क्षेत्रीय असतुलन-राज्य सरकारो की प्रतिक्रिया

2.5 अल्प विकसित क्षेत्रो की अपनी अपनी विशेषतायें हैं, जो व्यापक दिग्दर्शन कराती है । एक ओर जहा पूर्वी और उत्तर पूर्वी क्षेत्र मे ऐसे विशाल साधनो की सभावना है जिनका अधिकाशत दोहन नही हुआ दूसरी ओर वहा 13 राज्यो के 74 जिलो मे पूरे या आशिक रूप से पुरातन सूखाग्रस्त क्षेत्र और पहाड़ी क्षेत्र हैं । पूर्वी और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों मे खेतो की कम उत्पादकता के कारण समय समय पर बाढे आने के अलावा छोटी और विखंडित जोतो, जमीन की हक़दारी के असतोषजनक अभिलेखो, कमजोर ऋण विन्यास, कुछ क्षेत्रो मे जनसख्या का अधिक दबाव और अवस्थापना सुविधाओ की अपर्याप्तता है । सूखा प्रवण क्षेत्रो में कम और अनिश्चित वर्षा के कारण उत्पन्न अधिक जोखिम के फलस्वरूप नयी प्रौद्योगिकी के अपनाये जाने मे कठिनाई होती है । पहाड़ी क्षेत्रो मे भूमि साधन सीमित (कुल क्षेत्र का करीब 11 प्रतिशत) है तथा अवस्थापना और सचार की कमी और कमजोर ऋण विन्यास भी उसके विकास मे बाधक है । आठ राज्यो मे फैले हुए ऐसे 43 जिले है जिनकी जनसख्या मे जनजातिया अधिक है । अत. इन क्षेत्रो के विकास का कोई भी युक्तितत्र बहुविध होना चाहिये और उसका लक्ष्य विशिष्ट अवरोधो को दूर करना होना चाहिये ।

2 6 हाल ही के वर्षों मे कम विकसित और/या कम बैंकिंग सुविधा वाले क्षेत्रो के रूप मे अभिनिर्धारित इन क्षेत्रो मे कृषि विकास के लिये निवेशो मे वृद्धि करने मे महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और वृद्धि की इस प्रवृत्ति मे इस वर्ष के दौरान तेजी लाई गई (विवरण 8) । पिछली रिपोर्टों मे निगम द्वारा इन क्षेत्रो मे विकास का सवर्धन करने वाली कार्रवाईयो उदाहरणार्थ सबधित क्षेत्रीय कार्यालयो और सस्थाओं के कर्मचारियो की सख्या मे वृद्धि करना, योजना तैयार करने मे सहायता पहुचाने के लिये परामर्शदात्री इकाईयों की स्थापना, पुनर्वित्त की मात्रा बढ़ाने और निवेश पूर्ण सर्वेक्षणो के विस्तृत ब्योरे दिये गये थे । व्यवहार्य परियोजनाओ के निरुपण और ऋण प्रदान किये जाने मे वृद्धि करने के लिये सबधित राज्य सरकारो से भी निकटतम और सतत संबध बनाये रखे गये ।

2.7 पिछले तीन वर्षों के दौरान इन मिले जुले प्रयासो का विशेष रूप से मध्यवर्ती क्षेत्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश मे महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है । केवल इन दो राज्यों में ही 1976-77 के दौरान कृ पु वि निगम के 63 करोड़ रुपये के

वितरण अर्थात् कुल वितरणों की 30 प्रतिशत राशि का वितरण किया गया। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है उत्तर प्रदेश चौथे वर्ष भी वितरणों की दृष्टि से अग्रणी बना रहा और वहां इस वर्ष भी सबसे अधिक राशि वितरण किये गये और मध्य प्रदेश का स्थान दूसरा था। इस वर्ष अ वि संघ द्वारा सहायता की गई उत्तर प्रदेश कृषि ऋण परियोजना अपने कार्यान्वयन के अंतिम चरण में थी और मध्य प्रदेश कृषि ऋण परियोजना पूर्णरूपेण कार्यान्वित कर दी गयी। मध्य प्रदेश में पश्चिम जर्मन के प्राधिकारी होशंगाबाद जिले के तवा सिंचाई कमाड क्षेत्र के समेकित विकास के लिये क्रेदिटानस्टल्ट फर वादरोफाऊ (के एफ डब्लू) के माध्यम से एक ऋण प्रणाली के पहले चरण के रूप में ऋण प्रदान करने पर विचार कर रहे हैं। खेतों के ऊपरी विकास और मशीनों की खरीद के लिये ऋण का वितरण कृ पु वि निगम के माध्यम से किये जाने की आशा है।

2.8 बिहार, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में कृ पु वि निगम के पुनर्वित के वितरण में काफी अधिक वृद्धि हुई है। इस वर्ष के दौरान बिहार में 29 करोड़ रुपयों के बायदों वाली 101 नई योजनाएं मंजूर की गयी। इनमें से 20 करोड़ रुपयों के कृ पु वि निगम के बायदोंवाली 74 योजनाएं लघु सिंचाई के निवेशों के लिये थीं। कृ पु वि निगम के योगदान वाली 19 योजनाएं बिहार बाजार केन्द्र परियोजना के अधीन बाजार केन्द्रों के लिये थीं। उड़ीसा में कृ पु वि निगम ने 79 नई योजनाओं के संबंध में कुल 22 करोड़ रुपयों की निधि के बायदे किये हैं। इन योजनाओं में से 21 करोड़ रुपयों के बायदों वाली अधिकतम योजनाएं (63) लघु सिंचाई वर्ग के अन्तर्गत आती हैं तथा इनमें उड़ीसा राज्य सहकारी बैंक को मंजूर की गयी 14 योजनायें भी शामिल हैं। कृ पु वि निगम ने योजना निरूपण की विधि और अन्य संबंधित विषयों से शिक्षर और केन्द्रीय सहकारी बैंकों के कर्मचारियों को अवगत कराने के लिये भुवनेश्वर में एक अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। पश्चिम बंगाल में अ वि संघ की कृषि विकास ऋण परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान पहले जो बाधायें सामने आई थीं प्राय उन सबको दूर किया जा चुका है और वितरण जोर पकड़ रहा है। विश्व बैंक की सहायता से तैयार की जा रही जिस पूर्वी क्षेत्र अनाज परियोजना से निगम भी संबंधित है, उसके अन्तर्गत असम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उड़ीसा राज्य आते हैं। असम और उड़ीसा की परियोजनाओं का विश्व बैंक द्वारा द्वारा पहले ही मूल्यांकन किया जा चुका है। इनका उद्देश्य भूमिगत जल का शीघ्र विकास करना है। विश्व बैंक के क्षेत्रीय पर्यवेक्षण मिशन ने भी बिहार राज्य में अनाज के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए योजनाओं और परियोजनाओं के विकास हेतु सघन सर्वेक्षण किये हैं।

2.9 इन राज्यों में सुधरी हुई किस्मों के परीक्षण और उपजों को बढ़ाने की नयी शस्य पद्धतियों को विकसित करने और ऋण कार्यक्रम के लिये कृषकों को तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के निमित्त प्रसार सेवाओं के लिये अनुकूल अनुसंधान को सफल बनाने हेतु विशिष्ट परियोजनाओं का निरूपण स्वागतार्ह है। पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और असम राज्यों में अ वि संघ की सहायता से ऐसी परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया गया है।

2.10 पश्चिम बंगाल सरकार ने इस समस्या की जांच करने के लिये एक अध्ययन दल की नियुक्ति करने में पहल की है कि सहकारी ऋण संस्थाओं के एकीकरण से संबंधित हजारी समिति द्वारा की गई सिफ़ारिश के अनुसार रा भू वि बैंक रेहन की आवश्यकताओं के लिये जमीन के प्रभार के बदले समर्थक ऋणाधार को स्वीकार करे। इसके फलस्वरूप राज्य में विशाखीकृत कृषि निवेशों को बढ़ाने में काफी सहायता मिलेगी। असम और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के राज्यों में प्रगति कुछ रुकी हुई है। असम ऋण वसूली अधिनियम, 1976 के जिस अधिनियम के अनुसार वित्तपोषक संस्थाएं किसी भी व्यक्ति से उसे दिये गये अपने अग्रिमों या मंजूर की गयी अपनी राशियों में संबंधित अतिदेयों को भूमि राजस्व की बकाया राशि के रूप में वसूल कर सकती हैं उसका पारित होना इस राज्य में वित्तीय संस्थाओं के लिए अपने कार्यक्षेत्र को बढ़ाने के लिये प्रेरणादायक होना चाहिये। राज्य सरकार द्वारा की गयी एक अन्य सराहनीय कार्रवाई यह है कि राज्य सरकार ने तलवार समिति द्वारा सुझाए गये अनुसार एक विधान अधिनियमित किया है।

2.11 मेघालय में मेघालय वन विकास निगम के माध्यम से वन विकास की एक परियोजना के लिये 49 लाख रुपयों की वित्तीय सहायता मंजूर की गयी है मिजोरम में कृ पु वि निगम निवेश के प्रस्तावों के अभिनिर्धारण और परियोजना निरूपण के लिये सहायता प्रदान करने हेतु सहमत हो गया है। इस राज्य में प्रयोजना मूल्यांकन में संबंधित एक विचार गोष्ठी शीघ्र ही जिला अधिकारियों के लाभार्थ आयोजित की जायेगी।

2.12 मणिपुर में राज्य सरकार ऐसे सरकारी आदेश जारी करने के लिये सहमत हो गयी है कि ग्राम परिषद् द्वारा जारी किये गये स्वामित्व के प्रमाणपत्रों पर जिलाधीशों और उप प्रभागीय अधिकारी प्रतिहस्ताक्षर कर दें ताकि वित्तपोषक बैंकों द्वारा इन प्रमाणपत्रों को ऋणों के लिये वैध जमानत के रूप में स्वीकार किया जा सके। यह परिपाटी नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में स्थित बैंकों द्वारा अपनाई जाने वाली या सहमत परिपाटी के अनुरूप है। निगम का प्रस्ताव है कि वह इस व्यवस्था के आधार पर बागवानी योजनाओं का वित्तपोषण करे।

2.13 रिजर्व बैंक द्वारा गठित जिस कार्यकारी दल में निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल थे उसने उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में बैंक ऋण की समस्याओं का गहन अध्ययन किया है और इस क्षेत्र में ऋण की उपलब्धि को बढ़ाने के लिये बैंकों की परिचालन विधि और कार्यविधि में कारगर सुधार करने के लिये कई सिफारिशें की हैं। यह

आशा की जाती है कि इन विकासों से इन राज्यों में कृषि निवेशों का प्रभावी ढंग से महत्व बढ़ जाएगा।

2 14 निगम ने कृषि विकास का अभिनिर्धारण करने और उसको परियोजनाएं तैयार करने के लिये जम्मू और कश्मीर में एक अध्ययन दल प्रतिनियुक्त किया था। दल ने इस क्षेत्र में मछली पालन, डेरी, मुर्गीपालन और भेड़ पालन के विकास की चार परियोजनाएं तैयार की हैं। इस राज्य में विश्व बैंक की सहायता वाली एक बागवानी परियोजना भी तैयार की जा रही है।

2 15 निगम भारत सरकार के सूखा प्रवण क्षेत्रों के कार्यक्रम के साथ-साथ अविमसं द्वारा सहायता प्राप्त छे जिलों की परियोजनाओं से भी संबद्ध है। इन जिलों में खेतों के ऊपरी विकास की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और इस वर्ष के अन्त तक निगम ने आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा कर्नाटक, महाराष्ट्र और राजस्थान में लघु सिंचाई डेरी और रेशम उत्पादन के विकास की 16 योजनाएं मंजूर की थी।

2 16 जहां तक योजना आयोग द्वारा अभिनिर्धारित पहाड़ी क्षेत्रों का संबंध है निगम ने 14 करोड़ रुपयों से अधिक के वायदे-वाली लघु सिंचाई और बागान की योजनाओं सहित 72 योजनाएं मंजूर की थीं और 30 जून 1977 तक उक्त राशि में से 5 4 करोड़ रुपयों की कुल राशि आहरित की गयी। बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश, उड़ीसा और राजस्थान के जनजातिया के भूभाग के 13 जिलों में निगम ने लघु सिंचाई, कृषि मशीनीकरण, मुर्गी-पालन, डेरी विकास और भंडार और बाजार केन्द्र योजनाओं के लिए 22 करोड़ रुपयों के वायदेवाली 70 योजनाएं मंजूर की थीं। इस राशि में से 4 5 करोड़ रुपये आहरित किये गये। जैसा कि विवरण 9 के से स्पष्ट है निगम उन असंतुलनों की ओर बराबर ध्यान देता रहा है जो एक ही राज्य के भिन्न भिन्न क्षेत्र में विद्यमान हैं।

लघु कृषक

2.17 आलोच्य वर्ष के दौरान निगम ने लघु कृषक विकास लघु विकास/सीमान्त कृषक और कृषि श्रमिक (सी० कृ० और कृ श्रमिक) एजेंसियों के तत्वावधान में चलायी जानेवाली 95 योजनाओं की स्वीकृति दी गई। जून 1977 के अंत में इन एजेंसियों के तत्वावधान में चलनेवाली स्वीकृत योजनाओं की संख्या 253 (विवरण 10) थी और इनके लिए निगम के वायदे की राशि 62 करोड़ रुपये थी। इनमें से 103 योजनाएं भूमि विकास बैंकों, 147 योजनाएं वाणिज्य बैंकों और 3 योजनाएं राज्य सहकारी बैंकों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही थीं। यदि प्रयोजनवार देखा जाए, 132 योजनाएं लघु सिंचाई के निवेश के लिए हैं और शेष डेरी विकास (88), मुर्गी पालन (8), भेड़ पालन (8) भूमि विकास (7) बागान और बाग-बानी (9) और मछलीपालन (1) जैसी योजनाएं विशाखीकृत प्रयोजनों के अंतर्गत आती हैं।

2 18 इस वर्ष के दौरान हुआ एक महत्वपूर्ण विकास विश्व बैंक का यह निर्णय है कि वह अ० वि सं की ऐसी परियोजनाओं के अंतर्गत लघु विकास और उसी प्रकार की एजेंसियों के तत्वावधान में लघु और सीमान्त कृषकों को ऋणों की प्रतिपूर्ति करेगा जिसमें उधारकर्ताओं को दिया जानेवाला पूंजी अनुदान शामिल है। अब तक ऐसे अग्रिम विश्व बैंक समूह द्वारा मंजूर की गयी परियोजनाओं के अधीन लाये जाने के योग्य नहीं थे। प्रतिपूर्ति पाने की पात्रता के लिए निर्धारित मानदंड इस प्रकार हैं (क) उधारकर्ताओं को दिया जानेवाला पूंजी अनुदान बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाना चाहिए और (ख) कृ पु वि निगम को उचित क्षेत्र पर्यवेक्षण और लेखा परीक्षा कार्यविधि अपनानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लघु कृषकों का वर्गीकरण करने के लिए अपनाए गये मानदंडों का उचित रूप से पालन किया जाता है और इन योजनाओं के लिए विनिधानित निधियों का उचित और सही उपयोग किया जाता है। अतः यह आवश्यक है कि इस तथ्य पर विचार करते हुए कि लगभग 160 जिलों में लकृ वि एजेंसी कार्यक्रम लागू कर दिया गया है। अविमसं के ऋण के विनिधान का लाभ उठाने के लिए कृपुवि निगम के कार्यक्रम के अधीन अधिक से अधिक योजनाएं लाई जानी चाहिए। फिलहाल इन कार्यक्रमों में से केवल थोड़े से ही कार्यक्रमों को कृपुवि निगम का पुनर्वित्त प्राप्त होता है। निगम ऐसे कृषकों को बैंकों द्वारा दी जानेवाली ऋण सहायता का 90 प्रतिशत पुनर्वित्त प्रदान करता है।

2 19 जिन क्षेत्रों में लकृवि एजेंसी की योजनाएं क्रियान्वित नहीं हो रही हैं वहां कृपुवि निगम द्वारा की गई लघु कृषकों की परिभाषा लागू की गयी है और लघु कृषकों के अभिनिर्धारण के प्रयोजन के लिए एक जैसी कृषि जल-वायुवाले विभिन्न क्षेत्रों के लिए अपनाये जानेवाले मानदण्ड बैंकों को पहले ही सूचित किये जा चुके हैं। लकृवि एजेंसियों के अंतर्गत आनेवाली योजनाओं को छोड़कर कृपुवि निगम की योजनाओं के अधीन लघु कृषकों को निवेश की लागत के 5 प्रतिशत की नाममात्र की तत्काल नगदी अदायगी करनी पड़ती है और इससे वे 15 वर्षों तक की दीर्घावधि तक के ऋणों के पात्र हो जाते हैं। निगम यह सुनिश्चित करने के लिए भी वचनबद्ध है कि इसकी योजनाओं के अधीन इसके द्वारा दिये जानेवाले अग्रिमों के कम से कम 50 प्रतिशत अग्रिम लघु कृषकों के लिए हो।

2 20 जैसा कि पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कृपुवि निगम की योजनाओं के अधीन लघु कृषकों को प्रदान की गयी सहायता संबंधी जो जानकारी प्राप्त हुई वह अपूर्ण है। लघु कृषकों को दिये जाने वाले ऐसे उधारों के राष्ट्रीय महत्व की दृष्टि से बैंकों के लिए यह सर्वथा उचित होगा कि वे लघु कृषकों को दी गयी ऋण राशियों के संबंध में सही जानकारी प्राप्त करने के लिए अपनी पर्यवेक्षण और सूचना पद्धति को सरल और कारगर बनाने के निमित्त उचित कार्रवाई करे।

2 21 उपलब्ध आंकड़ों से यह पता लगता है कि विभिन्न राज्यों में कृपुवि निगम की योजनाओं के अंतर्गत 30 और 50 प्रतिशत के बीच लघु कृषक आते थे।

2.22 निगम द्वारा स्वीकृत की गयी योजनाओं के विश्लेषण से यह पता चलता है कि देश के 387 जिलों में से 38 जिलों को छोड़कर प्रत्येक जिले में कृपुवि निगम ने कार्यान्वियन के लिए किसी न किसी प्रकार की योजना मंजूर की है। 30 जून 1977

सारणी 7

लघु कृषको का वित्तपोषण*

करोड रुपये

योजना का स्वरूप	कृषि निगम का कुल वितरण	लघु कृषको को किया गया वितरण		कुल वित्तपोषण से लघु कृषको के वित्त पोषण का प्रतिशत
		राशि	लेखों की (लगभग) संख्या	
1	2	3	4	5
1. लकृवि एजेंसी/सीकृ और कृषि श्रमिक परियोजनाएं	28	28	94,880	100
2. कृषि निगम की ऋण परियोजना . .	123	71	95,000	58
3. (क) अविसंघ की परियोजनाए (कृषि ऋण परियोजनाओ मे से केवल लघु सिचाई का अश)	275	55	75,000	20
(ख) अं वि संघ की परियोजनाए—अन्य अश .	79	—	—	—
4. सामान्य योजनाए (शुद्ध)				
(क) लघु सिंचाई . . .	163	66	85,333	40
(ख) भूमि विकास . . .	32	16	80,000	50
(ग) कृषि मशीनीकरण . . .	53	—	—	—
(घ) भांडार/बाजार केन्द्र . .	21	—	—	—
(ङ) बागान/बागवानी . . .	21	5	25,000	25
(च) मुर्गी पालन/भेड पालन . .	20	10	1,00,000	50
(छ) डेरी विकास .				
(ज) मछलीपालन . .				
जोड . .	815	251	5,55,213	—

*ये आकडे अनतिम है ।

के अत मे कृषि निगम की बिना किसी योजनावाले राज्यों और जिलों की सख्या नीचे दी गयी है :—

अंदमान एवं निकोबार द्वीप समूह 1
अरूणाचल प्रदेश 5
असम 1
बिहार 2
चंडीगढ़ 1
दादरा और नागर हवेली 1
गुजरात 1
हिमाचल प्रदेश 2
जम्मू और कश्मीर 5
लक्षद्वीप 1
मणिपुर 3
मेघालय 1
मिजोरम 1
नागालैंड 3
पांडिचेरी 2
राजस्थान 1
सिक्किम 4
उत्तर प्रदेश 2
पश्चिम बगाल 1

विचाराधीन योजनाएं

जून 1977 के अंत तक 741 योजनाए विचाराधीन थी । इनमें से 127 योजनाएं हर तरह से परिपूर्ण थी और शेष 614 योजनाएं या तो अधूरी थी या उन पर कार्रवाई किये जाने के लिए अतिरिक्त आकडो के न होने से विचाराधीन थी । विचाराधीन योजनाओ में से 179 योजनाएं राज्यो के कम विकसित/कम बैंकिग सुविधावाले क्षेत्रो से सबधित है । विचाराधीन योजनाओ से सबधित ब्यौरे विवरण 13 मे दिये गये है ।

वर्ष के दौरान किये गये नीति सम्बधी निर्णय

जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट मे उल्लेख किया गया है, 1 अप्रैल 1976 से प्रारंभ होनेवाली लकृवि एजेंसी द्वारा सहायता की गई योजनाओ के लिए पुनर्वित्त सहायता की मात्रा सदस्य बैंक द्वारा प्रदान की जानेवाली वित्तीय सहायता का 90 प्रतिशत निर्धारित की गयी है । इस वर्ष के दौरान ग्रामीण समाज के कमजोर वर्गों को लाभान्वित करने के लिए मुख्य रूप से लकृवि एजेंसी और अन्य विशेष योजनाओ के सबध में सदस्य बैंक को पुनर्वित्त प्रदान करने की व्यवस्थाओ की समीक्षा की गयी थी और यह निर्णय किया गया था कि 90 प्रतिशत पुनर्वित्त की सुविधा गिरिजन विकास निगमो द्वारा प्रारभ की गयी योजनाओ सहित अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियो के जनजातीय

क्षेत्रों के लाभार्थ बनायी गयी सूखाप्रवण क्षेत्र कार्यक्रम की योजनाओं और अन्य विशेष कृषि विकास योजनाओं के लिए भी लागू की जानी चाहिए। यह मुख्यत इस उद्देश्य से किया गया है कि बैंकों द्वारा ऐसी योजनाओं का प्रवर्तन किये जाने के लिए उन्हें प्रोत्साहन प्रदान किया जाए।

3.2 कृपुवि निगम ने जिन योजनाओं का स्वय अनुमोदन किया है उनके अधीन कृषि के पपसेटों को बिजली देने के लिए अपने सदस्य बैंकों द्वारा राज्य विद्युत बोर्डों (रावि बोर्डों) को दिये गये ऋणों के लिए कृपुवि निगम पुनर्वित्त प्रदान करता रहा है परन्तु ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (ग्रावि निगम) और अन्य एजेंसियों की योजनाओं के अधीन आनेवाले क्षेत्र इसमें शामिल नहीं थे। इस वर्ष के दौरान इस योजना को और अधिक उदार बनाया गया है। यदि कृपुवि निगम की योजनाओं के अधीन केवल पपसेटों के लिये ऋण दिया गया है और कुओं का निर्माण उधार ली गयी अन्य निधियों से या उधारकर्ता के अपने साधनों से किया गया है तो भी पप सेटों का विद्युतीकरण करने के लिए रावि बोर्डों को दिये गये ऋणों के लिए अब उन्हें पुनर्वित्त प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त पुनर्वित्त की व्याप्ति के अंतर्गत तब तक इन बातों को लाने का निर्णय किया गया है जब तक इस योजना के अधीन पपसेटों को बिजली प्रदान करने के लिए निर्धारित लक्ष्य और तदनुसार ग्रावि निगम से प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं हो जाता (i) कृपुवि निगम द्वारा अनुमोदित योजनाओं के अधीन सहकारी या वाणिज्य बैंकों के ऋणों के साधनों को छोड़कर अन्य साधनों से भी कृषकों द्वारा लगाए गये पप सेटों को बिजली देना, और (ii) ग्रा वि निगम की योजनाओं के क्षेत्रों में पप सेटों को बिजली प्रदान करना, चाहे योजना इन क्षेत्रों में पूर्णत: पूरी हुई हो या नहीं। उक्त जिन दो वर्गों पर उक्त योजना लागू की गई है उनके अंतर्गत पपसेटों को बिजली प्रदान करने के लिए दिये गये ऋणों के हेतु 1 मार्च 1977 से पुनर्वित्त सुविधा उपलब्ध होगी। इस पर भी उक्त छूटें इस शर्त के अधीन दी जाएंगी कि जगह में अंतर रखने के मानदंड के संबंध में भूमि गत जल के नियम का पालन किया जाएगा और वित्तपोषक एजेंसियों और कृपुवि निगम को भूमिगत जल की उपलब्धि का जिस प्रकार का आवश्यक प्रमाणपत्र स्वीकार्य है, उस प्रकार का प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाएगा। बैंकों को यह भी स्पष्ट किया गया है कि उन्हीं सिंचाई यूनिटों में लगाये गये पप सेटों को बिजली प्रदान करने के लिए वित्तपोषक संस्थाओं द्वारा दिये गये ऋण भी तकनीकी मानदंडों, नदी में पानी की उपलब्धि आदि से संबंधित कतिपय सिद्धांतों को पूरा करने पर कृपुवि निगम से गुणदोष के आधार पर पुनर्वित्त सहायता प्राप्त करने के पात्र होंगे।

3.3 इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि योजना के अधीन 1 अगस्त 1974 से पपसेटों को बिजली प्रदान करने के सम्बन्ध में रावि बोर्डों को कृपुवि निगम से पुनर्वित्त सुविधाएं प्राप्त करने के लिए काफी समय दिया गया था, यह निर्णय किया गया है कि 1 जुलाई 1977 से योजना के अधीन दी जानेवाली पुनर्वित्त सुविधा पुनर्वित्त के लिए किये गये आवेदनपत्र की तारीख से पहले के एक वर्ष के भीतर कृपुवि निगम की योजनाओं के अधीन पंपसेटों को बिजली प्रदान करने के लिए सदस्य बैंकों द्वारा रावि-बोर्डों को दिये गये ऋणों के सम्बन्ध में ही उपलब्ध होगी।

3.4 पिछले दो वर्षों में अनाज के उत्पादन में हुई भारी वृद्धि के फलस्वरूप भण्डार सुविधाओं को बढ़ाने की आवश्यकता की ओर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस स्थिति का सामना करने के लिए आलोच्य वर्ष के दौरान भारतीय खाद्य निगम (भाखानिगम) ने निजी पार्टियों द्वारा गोदामों का शीघ्र निर्माण किया जाने और उन्हें भाखानिगम को पट्टे पर दिये जाने की एक योजना बनाई है। योजना में यह परिकल्पना की गयी है कि निवेश लागत का 75 प्रतिशत पात्र संस्थाओं द्वारा ऋण के रूप में दिया जाएगा और शेष 25 प्रतिशत की व्यवस्था उधारकर्ता को अपने स्वयं के साधनों से करनी होगी। कृपुविनिगम सदस्य बैंकों द्वारा निजी पार्टियों को गोदामों के निर्माण के लिए दी जानेवाली वित्तीय सहायता का 80 प्रतिशत तक की पुनर्वित्त सहायता प्रदान करने के लिए सहमत हो गया है। इस कार्यक्रम के अधीन अधिक संख्या में योजनाओं के मंजूर किये जाने के फलस्वरूप इस कार्यक्रम की भाखानिगम के परामर्श से समीक्षा की गयी है। अब यह निर्णय किया गया है कि वित्तपोषक बैंकों को उन योजनाओं पर विचार नहीं करना चाहिए जिसके सम्बन्ध में पार्टी द्वारा योजना के अधीन बैंक ऋण के लिए 31 जुलाई 1977 या उससे पहले आवेदन न किया गया हो। इस तारीख के बाद वित्तपोषक बैंक को केवल उस योजना पर विचार करना चाहिए जिसे भाखानिगम के सम्बन्धित प्रबंधक द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि वे इस बात से सन्तुष्ट हैं कि गोदाम का निर्माण कार्य नवम्बर 1977 के अन्त तक पूरा हो जाएगा।

3.5 भारतीय रिजर्व बैंक ने जून 1975 में बैंकों द्वारा 'गोबर' गैस संयंत्रों का वित्तपोषण किये जाने से संबन्धित पहलुओं का अध्ययन करने के लिए एक आंतर-संस्थानिक दल का गठन किया था। इस दल ने अन्य बातों के साथ साथ यह सिफारिश की थी कि इंधन की वर्तमान कमी और रासायनिक उर्वरकों के अधिक मूल्यों को देखते हुए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम गोबर गैस संयंत्रों की स्थापना के लिये पुनर्वित्त की सुविधायें उपलब्ध करे। अतएव, निगम ने यह निर्णय किया है कि 'गोबर' गैस संयंत्रों की स्थापना के लिये पात्र बैंकों को पुनर्वित्त सहायता प्रादान की जाए। इस प्रकार के संयंत्रों की स्थापना के लिये बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋणों के 75 प्रतिशत तक का पुनर्वित्त प्रदान किया जायेगा।

3.6 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि भारतीय रिजर्व बैंक और कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम द्वारा प्राथमिक भूमि विकास बैंकों और राज्य भूमि विकास बैंकों के ऋण प्रदान करने के (सामान्य और विशेष दोनों ही प्रकार के) कार्यक्रमों को विनियमित करने के उद्देश्य से एक जैसे मानदंड अपनाये जाएं। इस नियम के अधीन प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की शाखा के उधार प्रदान करने के पात्र कार्यक्रम को पिछले वर्ष

के अंत में विद्यमान अतिदेयों के स्तर में सबद्ध किया गया है । भूमि विकास बैंकों से प्राप्त अभिवेदनों की सावधानीपूर्वक जाच करने पर अतिदेय नियम में निम्नलिखित सशोधन किये गये हैं ।

(i) भूमि विकास बैंकों के उधार देने के कार्यक्रम को विनियमित करने के लिए लागू की गई वर्तमान सीमा प्रणाली 30 सितंबर 1978 तक जारी रहेगी जबकि इसके पहले के निर्णय के अनुसार वह 1 अक्तूबर 1977 को समाप्त हो जानी थी । इस तारीख से प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंकों की जिन शाखाओं ने 65 प्रतिशत की न्यूनतम नकद वसूली कर ली हो, वे ही निगम से पुनर्वित्त प्राप्त करने के पात्र मानी जायेंगी ।

(ii) जिस प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की जिस शाखा की पात्रता सीमित हो तथा जिसने उधार देने की अनुमत सीमा के भीतर लघु कृषकों को कम से कम 50 प्रतिशत की राशि वितरित की हो, उन्हें अब उक्त मानदंड के आधार पर निर्धारित ऋण की सीमा से एक चरण ऊपर की सीमा तक के उधार प्रदान करने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते कि इस प्रकार जिस अतिरिक्त राशि की अनुमति दी गई है उसका 75 प्रतिशत लघु कृषकों के वित्त-पोषण के लिये प्रदान किया जाए ।

(iii) इसके अलावा जिस प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की जिस शाखा वे अपनी वसूलियों में पिछले वर्ष की तुलना में कम से कम 5 प्रतिशत की सीमा तक वृद्धि की हो परन्तु इस वृद्धि से जो अगली अधिक सीमा में रखे जाने के योग्य न होती हो वे 5 प्रतिशत के अतिरिक्त उधार प्रदान करने के पात्र मानी जायेंगी ।

(iv) 31 दिसबर 1977 को समाप्त होनेवाली अवधि में बैंकों/शाखाओं की वसूली के कार्य सपादन के स्तर की समीक्षा करने की व्यवस्था की गयी है तथा जिन मामलों में वसूलियों में सुधार हुआ है वहा उनसे तत्सबधी प्राथमिक भूमि विकास बैंक/राज्य भूमि विकास बैंक की शाखा सीमा प्रणालों के अनुसार उचित मात्रा में अधिकतर उधार प्रदान करने के कार्यक्रम के पात्र मानी जायेगी ।

3.7 अन्य रियायतें, ऋण की दूसरी और उसके बाद की किस्तों के लिए वायदा किये गये व्यय के वितरण, उधार प्रदान करने के पात्र कार्यक्रम और सूखा तथा अन्य दैवी विपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत राज्य भूमि विकास बैंकों/प्राथमिक भूमि विकास बैंकों की शाखाओं का हिसाब लगाने से सबधित होंगी । कृ पु वि निगम की योजनाओं के अधीन प्रदान किये जाने वाले ऋण कार्यक्रमों के विनियमन सुविधा के लिये निगम ने यह निर्णय किया है कि विशेष विकास डिबेंचर कार्यक्रम के विनियमन के लिए सहकारिता वर्ष के स्थान पर वित्तीय वर्ष (अप्रैल-मार्च) को आधार माना जाए ।

अन्य गतिविधियां

मूल्यांकन

इस वर्ष के दौरान चार योजनाओं के सबंध में मार्गदर्शी रिपोर्टें तैयार की गयी । ये रिपोर्टें (1) कर्नाटक में भूमि-उद्धार तथा भूमि विकास के लिये भद्रा भूमि विकास परियोजना की योजना; (ii) आन्ध्र प्रदेश के मिरथालगुड तालुक की नागार्जुनसागर परियोजना के अधीन भूमि विकास (iii) हरियाणा के करनाल जिले में लघु सिचाई योजना और (iv) महाराष्ट्र के शोलापुर जिले में नये कुओं का निर्माण कर उन पर पपसेटों का लगाये जाना, से सबधित है । इन अध्ययनों से यह पता चलता है कि इस प्रकार के आवधिक निवेशों में निवेश के पूर्ण होने की प्रक्रिया के दौरान अथवा उसके पश्चात निरन्तर आधार पर निवेश किए जाने की दोनों की स्थितियों में कृषि रोजगार में पर्याप्त वृद्धि हुई है ।

4.2 भूमि विकास की प्रारंभिक अवधि के दौरान निर्मित अतिरिक्त रोजगार, भूमि को आकार देने तथा समतल बनाने के लिये उपयोग किये गये श्रम और मशीनों के मिले जुले उपयोग पर निर्धारित था तथा वह प्रति एकड़ 70 श्रमिक दिनों से लेकर 109 श्रमिक दिनों तक था । हर वर्ष विकासोत्तर अवधि में निर्मित अतिरिक्त उत्पादन का औसत प्रति एकड़ विकसित भूमि के लिये लगभग 100 श्रमिक दिन था ।

4.3 खोदे एक गये नए कुएं के निर्माण और उस पर पपसेट के लगाये जाने से प्रारंभिक अवधि में प्रति यूनिट 1700 श्रमक दिनों के अतिरिक्त रोजगार का निर्माण हुआ । पंपसेट लगाये गये खुदाई के कुए के पूरे हो जाने के बाद में उससे प्रति यूनिट 300 श्रमिक दिन के अतिरिक्त रोजगार का निरन्तर आधार पर निर्माण हुआ । छिछले नलकूप के मामले में उसके निर्माण की अवधि के दौरान अकुशल श्रमिकों के लिये प्रति यूनिट 75 अतिरिक्त श्रमिक दिनों के रोजगार निर्माण हुआ, इसके बाद प्रति वर्ष आवर्ती आधार पर प्र नलकूप औसत 350 श्रमिक दिनों का रोजगार निर्मित हुआ

4.4 इन परियोजनाओं के परिणामस्वरूप रोजगार क्षमता का निर्माण होने के अलावा कृषि उत्पादन में भी वृद्धि हुई । इन अध्ययनों से 4 योजनाओं के बारे में बहु फसली खेती, निर्मित वृद्धिशील आय, शुद्ध वर्तमान मूल्य, लाभ-मूल्य अनुपात, आय की आतरिक दर तथा प्रति उधार-कर्ता की अदायगी की क्षमता का नीचे लिखे अनुसार पता लगा है

मूल्याकन-कक्ष ने (1) पजाब और हरियाणा की डेरी विकास योजनाओं (2) आध्र प्रदेश के नेल्लूर जिले की नीबू प्रजाति के फलों की उद्यान योजना (3) महाराष्ट्र की उद्यवाही सिचाई योजना और (4) दक्षिण कनारा जिले की मछलीपालन योजना के सबध में अध्ययन शुरू किये है ।

4.5 मूल्यांकन-कक्ष ने तमिलनाडु, आध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पजाब और कर्नाटक में अंतिम सघ कृषि ऋण परियोजना के सबंध में परियोजना समाप्ति की रिपोर्टों तथा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ऋण परियोजना का कार्य भी अपने हाथ में ले लिया है । प्रत्येक परियोजना समाप्ति की रिपोर्ट इस दृष्टि से अपने आप में पूर्ण होगी कि उसमें मूल्यांकन के समय कूते गये कार्य-संपादन

सारणी 8—मूल्याकन के महत्वपूर्ण निष्कर्ष

योजना का नाम	बहु फसली खेती (%)	वृद्धिशील आय (शस्य क्षेत्रफल का प्रति एकड)	शुद्ध वर्तमान मूल्य (प्रति कृषक रु०)	लाभ-मूल्य अनुपात	आय की आतरिक दर (%)	पुन: अदायग क्षमता (प्रति कृषक रु०)
1	2	3	4	5	6	7
1 कर्नाटक में भूमि के उद्धार और भूमि विकास के लिये भद्रा भूमि विकास परियोजना	176	1046	69,834	2 1	50 से अधिक	6908
2 आध्र प्रदेश के मिरयालगुड़ तालुके की नागार्जुनसागर परियोजना के अधीन भूमि विकास .	185	769	56,908	1.8	वही	4806
3 हरियाणा के करनाल जिले की लघु सिचाई योजना . . .	179	524	25,807	1.8	वही	3616
4. महाराष्ट्र के शोलापुर जिले में नये कुओ का निर्माण और उन पर पंपसेटो का लगाया जाना . .	114	520	13,210	1.6	29	2047

की तुलना, वास्तविक कार्य-संपादन से की जायेगी और इस कार्य-सपादन के बारे मे उपयुक्त टिप्पणिया भी की जायेगी। परियोजना समाप्ति की इन चार रिपोर्टों में कतिपय विशिष्ट मदो को शामिल किया जायेगा उदाहरणार्थ उनमे महाराष्ट्र परियोजना की ऋण संस्थाओं के अतिदेयो तथा ऋणो की अवधि फिर से निर्धारण से सबधित समस्याओ, तमिलनाडु परियोजना मे भूमिगत जल के उपयोग और उसे नियत्रित करने से संबंधित पहलुओं तथा पंजाब की परियोजनाओ के ट्रैक्टरीकरण तथा कृषि-प्रणालियो और रोजगार पर पडने वाला उसके प्रभावो तथा उत्तर प्रदेश परियोजना के अन्तर्गत लघु और सीमात कृषको को ऋण प्रदान करने का विशेष रूप से उल्लेख किया जायेगा।

4 6 किसी भी विकास कार्यक्रम के प्रथम चरण मे परियोजना का निरूपण करना, स्वीकृति और ऋणो की अदायगी का कार्य शामिल होता है परन्तु उतना ही महत्वपूर्ण कार्य होता है निवेश से उपलब्ध होने वाले ऋणो और लाभो की उपयोगिता की सही स्थिति का ध्यान रखना। दूसरे उद्देश्य की पूर्ति के लिये निगम ने मजूर की गई योजना के संबध मे अनुवर्ती अध्ययन करना रहा है। वर्तमान क्रियाविधियो का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात् यह निर्णय किया गया है कि अनुवर्ती अध्ययनो की वर्तमान प्रणाली के स्थान पर, दो विभिन्न प्रकार के अध्ययन लागू किये जाये। मंजूर की गई कतिपय योजनाओं का योजना के प्रारम्भ होने के 6 महीने से 12 महीनो के भीतर परिचालन पहलुओं के अन्तर्गत आने वाले कार्यान्वयन की प्रगति, मजूरियो की शर्तों के अनुपालन, बैंको द्वारा मूल्याकन मानदडो के पालन किये जाने तथा स्वीकृति के बाद की पर्यवेक्षण पद्धति के सबंध मे अनुवीक्षण अध्ययन किया जायेगा। इन अध्ययनो से योजना के प्रादुर्भाव की स्थिति मे उसके कार्यान्वयन से सबंधित समस्याओं का विवेचन करने तथा परियोजना-कार्य की गुणवत्ता मे सुधार लाने में सहायता मिलेगी, चुनी हुई योजनाओ के संगामी मूल्याकन अध्ययन योजना के प्रारभ हो जाने के 1½ से 2 वर्ष के भीतर किये जायेगे और इस अवधि के दौरान इन योजनाओ का कुछ हिताधिकारियो को लाभ मिलने लगेगा। इन अध्ययनो मे लागत के अनुमानो के मूल्यांकन की तुलना मे निवेश की वास्तविक लागत, अपनाई गई फसल प्रणाली, आधारभूत आवश्यक वस्तुओ की पर्याप्तता, और प्रत्याशित लाभ आदि को प्राप्त करने मे हिताधिकारियो की कठिनाइयो का पता लगाने के लिये पूरे किये गये निवेशो को शामिल किया जाएगा। ये दोनों प्रकार के अध्ययन कुल मिलाकर कार्यान्वयन और उससे सबधित आधारभूत सामग्री तथा वित्त पोषित निवेश की उपयोगिता का सूक्ष्मता से पता लगाने का अवसर प्रदान करेंगे।

प्रशिक्षण

4 7 इस वर्ष सदस्य बैंको के कर्मचारियो की प्रशिक्षण व्यवस्थाओ का और अधिक विस्तार किया गया।

(क) वरिष्ठ और मध्य-स्तरीय कर्मचारी

4 8 इस वर्ष भारतीय रिजर्व बैंक के पूणे स्थित कृषि बैंकिंग महाविद्यालय मे 4 सप्ताह की अवधि वाले

सप्ताह कृषि परियोजना पाठ्यक्रम आयोजित किये गये । मार्च-अप्रैल 1977 मे राज्य भूमि विकास बैंको, वाणिज्य बैंको और सहकारी क्षेत्र के भूमि विकास निगमो के वरिष्ठ और मध्य-स्तरीय तकनीकी अधिकारियो को भूमि विकास और भूमि/जल व्यवस्था के तकनीकी पहलुओ की जानकारी प्रदान करने के लिये एक पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया था । इस पाठ्यक्रम मे कुल मिलाकर छब्बीस तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया था जिनमे भूमि-विकास बैंको के 13, वाणिज्य बैंको के 9, राज्य सरकारो के 3 तथा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के एक अधिकारी शामिल थे । इस कार्यक्रम का उद्देश्य इसमे भाग लेनेवाले कर्मचारियों के ज्ञान को तरोताजा बनाना था ताकि वे अपने कार्य-सपादन मे सुधार ला सके एव उसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी था कि सास्थानिक एजेसियो के जरिये परियोजना ऋण प्रदान किये जाने में इन अधिकारियों की तकनीकी दक्षता का किस प्रकार उचित रूप से उपयोग किया जा सकता है । क्षेत्रीय कृषि ऋण परियोजना का 10 दिवस की अवधि का पाठ्यक्रम भी इस वर्ष आयोजित किया गया था ।

अगस्त 1975 और जन 1977 के दौरान 834 अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये 29 पाठ्यक्रमो का आयोजन किया गया था । इनमे से 408 अधिकारी भूमि विकास बैंको के, 275 वाणिज्य बैंको के थे तथा शेष 151 अधिकारी अन्य हितो का प्रतिनिधित्व करते थ ।

(ख) भूमि विकास बैंको के कनिष्ठ स्तरीय कर्मचारी

4 9 राज्य भूमि विकास बैंको द्वारा कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के सक्रिय सहयोग से भूमि विकास बैंको के कनिष्ठ स्तरीय कर्मचारियो के प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है । जुलाई 1976 और जून 1977 के दौरान राज्य भूमि विकास बैंको द्वारा इस प्रकार के 106 पाठ्यक्रम आयोजित किये गये तथा इनमे 13 राज्य भूमि विकास बैंको द्वारा भूमि विकास बैंको के कुल 2900 कनिष्ठ स्तरीय कर्मचारियो को प्रशिक्षित किया गया ।

(ग) विदेशी विद्वानो के लिये अध्ययन की सुविधाए

4.10 विदेशो से आने वाले अतिथि अधिकारियो के प्रशिक्षण के लिये कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम प्रशिक्षण सुविधाए प्रदान करता आ रहा है । 1976–77 के दौरान अफगानिस्तान, नाइजीरिया, केन्या, तान्जानिया, नेपाल और जमैका से आने वाले 24 अधिकारियो और विद्वानो को अध्ययन सुविधाएं प्रदान की गयी । इसके अलावा, विभिन्न राज्य सरकारो और राज्य भूमि विकास बैंकों के सहकारिता और कृषि से संबधित अधिकारियो को भी इसी प्रकार की अध्ययन सुविधाए प्रदान की गयी

(घ) प्रबंध व्यवस्था के कार्यक्रमों/विचारगोष्ठियों मे कृषि पुनर्वित और विकास निगम अधिकारियो द्वारा भाग लिया जाना

4.11 भारतीय प्रबंध सस्थान, अहमदाबाद और नई दिल्ली स्थित प्रबंध विकास सस्था द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमो और विचार गोष्ठियो मे भाग लेने के लिए कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के तीन वरिष्ठ अधिकारियो को भेजा गया था ।

अ वि सघ/अ पु वि बैंक द्वारा सहायता की गयी परियोजनाए

इस वर्ष के दौरान चार और परियोजनाओ के लिए विश्व बैंक समूह से सहायता प्राप्त करने का समझौता किया गया । इन परियोजनाओ के नाम इस प्रकार हैं : केरल कृषि विकास परियोजना, महाराष्ट्र सिंचाई और कमान क्षेत्र विकास की सयुक्त परियोजना (जायकवाडी और पूर्णा), गुजरात मत्स्यपालन परियोजना और कृ पु वि निगम की दूसरी ऋण परियोजना ।

5.2 जून 1977 के अत तक विश्व बैंक समूह से प्राप्त होने वाली सहायता के अतर्गत 29 परियोजनायें आती थी । इनमें जिस सूखा प्रवण क्षेत्र परियोजना के लिए कृ पु वि निगम को किसी विशिष्ट प्रकार के ऋण का आबटन नही किया गया है वह शामिल नही है। इन परियोजनाओ में 12 कृषि परियोजनाए, 5 कमान क्षेत्र विकास परियोजनाए, 3 डेरी विकास परियोजनाए, 2 बाजार केंद्र परियोजनाए, 2 बीज परियोजनाए, एक सेब अभिसस्करण और विपणन परियोजना, एक समेकित रूई विकास परियोजना, एक मछली पालन योजना और कृ पु वि निगम को प्रदान की जानेवाली को सामान्य ऋण प्रणालिया शामिल हैं । तराई बीज परियोजना, आध्र प्रदेश सिंचाई और कमान क्षेत्र विकास की सयुक्त परियोजना, चम्बल कमान क्षेत्र विकास परियोजना (राजस्थान), राष्ट्रीय बीज परियोजना और गुजरात मछली पालन परियोजना के एक भाग के लिए अ पु वि बैंक द्वारा सहायता की गयी है और शेष परियोजनाएं अ वि सघ की सहायता से कार्यान्वित की जा रही है ।

5.3 प्रयोजनवार उधार कार्यक्रम, अब तक किये गये वितरण और जून 1977 के अत तक अं वि सघ द्वारा विसरित राशियो की स्थिती का साराश सारणी 9 मे दिया गया है । प्रत्येक परियोजना की प्रमुख विशेषताए विवरण 11 मे दी गयी है और प्रत्येक परियोजना के अतर्गत कुल उधार देने के कार्यक्रम, वितरण आदि से सबधित आकडे विवरण 12 मे दर्शाये गये है ।

सारणी 9

प्रयोजन के अनुसार अ वि सघ/अ पु वि बैंक की परियोजनाए

करोड रुपये

प्रयोजन	आवश्यक वितरण	कृ पु वि निगम कार्यक्रम के लिए अं वि संघ/अ पु वि बैंक द्वारा दी गयी सहायता की राशि	30 जून, 1977 को कृ पु वि निगम द्वारा दिया गया पुनर्वित्त	30 जून, 1977 को भारत सरकार के माध्यम से अ वि संघ/अ पु वि बैंक द्वारा वितरित की गई राशि
1. लघु सिचाई	741.6	436 1	387 8	252 0
2. भूमि विकास	10.7	7.6	5 7	
3 कृषि मशीनीकरण	96.7	60.8	63.5	
4. बाजार केन्द्र विकास	26.7	19.0	5.6	3 3
5 खराब होने वाली बागवानी उपज का अभिसस्करण और विपणन	6.1	4 9	—	—
6. डेरी विकास	62 3	48.9	—	—
7 कमान क्षेत्र विकास	53 6	38.1	1.9	—
8 बीज उत्पादन	30.9	23 2	1 9	1.6
9 विशाखित प्रयोजन (उदाहरणार्थ वृक्ष की फसले, कुक्कुट पालन आदि)	91.5	48 6	10.5	3 5
10. रूई का विकास@	16 1	10 3	0.1	—
जोड	1136.2	697 5	477.0	260 4

@इसमे समेकित रूई विकास परियोजना के अधीन उन्नत किस्म की रुई पैदा करने के लिए मौसमी ऋण की व्यवस्था के लिए विशेष रूप मे प्रदान किया गया 75 लाख डालरो का ऋण शामिल है।

5.4 जून 1977 के अत में विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त परियोजनाओ के अधीन कृ पु वि निगम द्वारा किये गये वितरणो की राशि कुल मिलाकर 477 करोड रुपये होती है। यह कृ पु वि निगम द्वारा अब तक किये गये कुल वितरणो का 58 प्रतिशत है। चूकि चल रही विभिन्न परियोजनाओं के लिए रुपयो मे किये गये वितरणो की प्रतिपूर्ति विश्व बैंक द्वारा डालरो मे (वितरणो को निर्धारित प्रतिशत के आधार पर) की जाती है, देश को 3500 लाख डालर की शुद्ध विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई है।

कृ पु वि निगम की ऋण परियोजनाए

5.5 कृ पु वि निगम की प्रथम ऋण परियोजना द्वि-वर्षीय कार्यक्रम वाली थी। इसके अतर्गत लघु सिचाई और डेरी, मछली पालन, बागान और बागवानी जैसे अन्य विशाखित कृषि निवेशो का वित्त पोषण किया जाना था और वह अगस्त 1975 से लागू की गई थी। जून 1977 के अत मे इस परियोजना के अधीन कृ पु वि निगम के वितरण की राशि 123 करोड़ रुपये थी। इस ऋण मे से करीब 18 राज्यो और सघ शासित प्रदेशो को प्रतिपूर्ति की गयी है। मूल्याकन और वितरण की प्रणाली के लचीलेपन के कारण कृ पु वि निगम जून 1977 को अर्थात परियोजना के समापन की निर्धारित तारीख 31 दिसम्बर, 1977 के काफी पहले ही आवश्यक वितरण कर सका।

5.6 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट मे यह उल्लेख किया गया था कि कृ पु वि निगम को ऋण की दूसरी प्रणाली मजूर किये जाने के लिए अ वि सघ को प्रस्ताव भेजे गये है। इस परियोजना के लिए अप्रैल 1977 मे वाशिंग्टन मे भारत सरकार और कृ पु वि निगम द्वारा अ वि सघ से समझौता किया गया और मई 1977 मे अ वि सघ द्वारा 2000 लाख डालर का ऋण स्वीकृत किया गया। 1 जून 1977 को संबंधित करार पर हस्ताक्षर किये गये। परियोजना की प्रमुख बाते परिशिष्ट मे दी गयी है।

ख. कृषि ऋण परियोजनाए

5.7 1970 मे स्वीकृत 12 कृषि ऋण परियोजनाएं राज्य वार परियोजनाए है। अत उनका कार्यान्वयन राज्य के किसी भाग तक या पूरे राज्य तक सीमित है। पंजाब और केरल की परियोजनाओ को छोड़कर अन्य 10 कृषि ऋण परियोजनाओ मे जिस प्रमुख विकास की परिकल्पणा की गई

है वह लघु सिंचाई से संबंधित है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु की परियोजनाओं में भूमि विकास के कार्यक्रम की भी परिकल्पना की गई है। एक ओर जहाँ पंजाब कृषि ऋण परियोजना का एकमात्र उद्देश्य कृषि मशीनीकरण का वित्त पोषण करना था वहां दूसरी ओर आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक और तमिलनाडु परियोजनाओं में ट्रैक्टर प्राप्त करने के लिए भी सहायता दी गयी थी।

5.8 एक बार आवश्यक अवस्थापना का विकास हो जाने के बाद इन परियोजनाओं के अधीन लघु सिंचाई के निवेशों का वितरण सुचारू रूप से होता रहा। इस पर भी खेतों के ऊपरी विकास के कार्यक्रमों को पूरा करने में कठिनाई थी क्योंकि निर्धारित समय में आवश्यक क्षमता का विकास नहीं किया जा सका और ऋण के जिस एक अंश का मूलतः इस प्रयोजन के लिए नियतन किया गया था वह लघु सिंचाई वर्ग को अंतरित कर दिया गया। ट्रैक्टर घटक को भी उतार-चढ़ाव के रास्ते से गुजरना पड़ा क्योंकि आयात संबंधी समस्यायें थी और देशी ट्रैक्टरों के मुकाबले आयातित ट्रैक्टर महंगे भी थे। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल की परियोजनायें अभी हाल ही की हैं और उनका कार्यान्वियन संतोषजनक है। केरल कृषि विकास परियोजना शेष परियोजनाओं से इस दृष्टि से भिन्न है कि उसमें मुख्य रूप से वृक्ष की फसलों पर जोर दिया गया है जबकि अन्य परियोजनाओं में मुख्यतः अनाज के उत्पादन के लिए सहायता दी जाती है।

5.9 जून 1977 के अंत तक कृ पु वि निगम इन कृषि ऋण परियोजनाओं में से आठ परियोजनाएं अर्थात्, गुजरात, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पंजाब की परियोजनायें पूरी कर सका है। 2400 लाख डालर के ऋण का उपयोग करने हेतु कृ पु वि निगम स्तर पर इन परियोजनाओं में 278 करोड़ रुपयों के कुल वितरण किये गये।

5.10 विभिन्न कृषि ऋण परियोजनाओं (गुजरात को छोड़कर) के अधीन ट्रैक्टर के अंश से संबंधित अंतिम वितरण सारणी 10 में दिये गये है।

सारणी 10

अ वि संघ की परियोजनायें—ट्रैक्टरों का कार्यक्रम

परियोजना का नाम	वित्त पोषित ट्रैक्टरों की संख्या		निम्नलिखित बैंकों द्वारा किया गया वितरण	
	देशी	आयातित किये गये	भू. वि. बैंक	प्रास बैंक
			करोड़ रुपयों में	
आंध्र प्रदेश	432	845	6 0	2.0
कर्नाटक	1757	1157	6.8	9 6
हरियाणा	4275	337	6.6	10.6
पंजाब	4051	3776	10.0	22 1
तमिलनाडु	1112	515	8.2	0.3
जोड़	11627	6630	37.6	44.6

5.11 उत्तर प्रदेश और बिहार की जिन कृषि ऋण परियोजनाओं के अंतर्गत मूलतः इन राज्यों के कुछ भाग ही आने वाले थे उनको प्रत्येक राज्य के संपूर्ण भाग में लागू कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश परियोजना की समाप्ति की तारीख 31 दिसंबर, 1977 और बिहार परियोजना की समाप्ति की तारीख 31 दिसंबर, 1978 तक बढ़ा दी गयी है। पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना के कार्यान्वियन में आने वाली प्रायः सभी कठिनाईयों के दूर कर दिये जाने से उसके कार्यान्वियन की प्रगति संतोषजनक रही है। लघु सिंचाई के कार्यान्वियन हेतु एक बड़ा कार्यक्रम स्वीकृत किया गया है। केरल कृषि विकास परियोजना जून 1977 में ही लागू की गयी और परियोजना के सहज कार्यान्वियन के लिए कृ पु वि निगम द्वारा बैंकिंग योजना को अंतिम रूप दिया गया है और इसके अंतर्गत बैंकों को (35 करोड़ रुपयों के) उधार कार्यक्रम का नियतन किया गया है।

ग. कमान क्षेत्र विकास की परियोजनायें

5.12 कमान क्षेत्र विकास की पांच परियोजनाओं में से राजस्थान में दो और आन्ध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में एक एक परियोजना कार्यान्वित की जा रही हैं। अ वि संघ ने महाराष्ट्र सिंचाई और कमान क्षेत्र विकास की संयुक्त परि-योजना को जुलाई 1977 में स्वीकृति दी थी।

5.13 राजस्थान नहर विकास परियोजना के 621 'चक' से संबंधित अनुमानों का कृ पु वि निगम ने अनुमोदन कर दिया है और 524 'चकों' के लिए क्षेत्रीय भूमि विकास निगम ने वित्तीय सहायता प्रदान कर दी है। 379 'चकों' में कार्य शुरू हो गया है। चम्बल कमान क्षेत्र विकास परियोजना (राजस्थान) के अधीन 13 जल ग्रहण क्षेत्रों की अनुमानित लागत का कृ पु वि निगम ने अनुमोदन कर दिया है और दो जल ग्रहण क्षेत्रों में कार्य पूरा हो गया है। मध्य प्रदेश चम्बल कमान क्षेत्र की विकास परियोजना की 8 योजनाओं के अंतर्गत आने वाले 1560 हेक्टेयर के क्षेत्र के लिये कृ पु वि निगम द्वारा तकनीकी मंजूरी दे दी गई है।

5.14 आंध्र प्रदेश सिंचाई और कमान क्षेत्र विकास की संयुक्त परियोजना के अधीन कृ पु वि निगम ने 2 3 करोड़ रुपये के अपने वायदे वाले ऐसे भूमि विकास कार्यक्रमों को स्वीकृति दे दी है जिसके अंतर्गत 30,500 एकड़ भूमि आती है। अ वि संघ द्वारा जुलाई 1977 में स्वीकृत महाराष्ट्र सिंचाई और कमान क्षेत्र विकास की संयुक्त परियोजना 4 वर्ष की अवधि तक चलनेवाली जायकवाड़ी और पूर्णा सिंचाई कार्यक्रम के अंतर्गत चलनेवाली सिंचाई विकास कार्यक्रम की अनुक्रम योजना है। यह परियोजना मध्य दक्षिण क्षेत्र के सूखा प्रवण क्षेत्र में ऐसा पहला प्रमुख सिंचाई कार्यक्रम है जिससे अं वि संघ संबद्ध है।

5.15 कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम को कार्यान्वित किये जाने में पायी गयी कठिनाईयों में से एक कठिनाई ऐसे खेतों के विकास का वित्त पोषण करना है जिनके मालिक बैंक ऋण पाने के पात्र नहीं हैं। पिछले वर्ष की रिपोर्ट में किये गये उल्लेख के अनुसार भारत सरकार और कृ पु वि निगम ने विशेष ऋण लेखे द्वारा ऐसे कृषकों का वित्त पोषण करने के लिए एक योजना तैयार की है। इस लेखे में भारत सरकार और महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों द्वारा अब तक 152 लाख रुपयों का कुल अंशदान किया गया है।

घ डेरी विकास की परियोजनायें

5.16 डेरी विकास की तीन समेकित परियोजनाएं राजस्थान, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में कार्यान्वित की जा रही हैं। राजस्थान डेरी विकास परियोजना में जयपुर, अजमेर और अलवर संघों से सम्बंधित निवेश के प्रस्तावों का अनुमोदन कर दिया गया है। मध्य प्रदेश में भोपाल और इंदौर संघ की तकनीकी सेवाओं के वित्त पोषण के लिए दो योजनाएं मंजूर की गयी हैं। कर्नाटक में बंगलूर, मैसूर, तुमकुर और हसन के चार डेरी संघों को पंजीकृत किया गया है। डेरी विकास निगम ने पहले ही स्थापित डेरी की सहकारी संस्थाओं से दूध इकट्ठा करने का कार्य शुरू कर दिया है।

ङ बाजार केन्द्र परियोजना

5.17 बिहार में इसकी प्रगति सन्तोषजनक है और बाजार के लिए स्थान प्राप्त करने में शुरू में जो वैधानिक कठिनाईयां उत्पन्न हुई थीं उन्हें दूर कर दिया गया है। कृ पु वि निगम द्वारा 38 बाजार केंद्रों के लिए कुल 11 करोड़ रुपयों की जो पुनर्वित्त सहायता मंजूर की गयी थी उसके मुकाबले, इसमें भाग लेने वाले बैंकों ने 40 बाजार केंद्रों के लिए कुल 12 करोड़ रुपयों का ऋण मंजूर किया है। कर्नाटक में कृ पु वि निगम ने 25 बाजारों केंद्र परियोजनाओं को अपना अनुमोदन प्रदान किया है। इन योजनाओं के अधीन कृ पु वि निगम द्वारा अब तक कुल 9·3 लाख रुपयों का वितरण किया गया है।

च सूखा प्रवण क्षेत्र परियोजना

5.18 अ वि संघ द्वारा सहायता की गई सूखा प्रवण क्षेत्र की परियोजना के अंतर्गत महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और राजस्थान के 6 जिले आते हैं। इस परियोजना के अधीन अ वि संघ द्वारा कृ पु वि निगम को ऋण की प्रतिपूर्ति हेतु ऋण का कोई विशेष विनिधान नहीं किया गया था और चालू परियोजनाओं या कृ पु वि निगम ऋण परियोजनाओं के अंतर्गत प्रतिपूर्ति के जोर पकड़ने की आशा है। कृ पु वि निगम ने इन जिलों के विकास की मदों के संबंध में एक विस्तृत बैंकिंग योजना तैयार की है और इसमें भाग लेने वाले बैंकों को इसके अंतर्गत योजनाएं तैयार करने के लिए कहा गया है। पहले दो वर्षों में जो प्रगति धीमी गति से हो रही थी वह अब जोर पकड़ रही है।

छ बीज परियोजनायें

5.19 उत्तर प्रदेश की तराई बीज परियोजना की अवधि दिसंबर 1977 तक बढ़ा दी गयी है ताकि बीज विकास निगम विस्तार कार्यक्रम को पूरा कर सकें। पहली राष्ट्रीय बीज परियोजना अक्तूबर 1976 से लागू हुई थी और उस समय अभिसस्करण संयंत्रों का वित्त पोषण करने की बैंकिंग योजना को अंतिम रूप दे दिया गया था और उसकी सूचना सभी सम्बंधित पक्षों को दे दी गई थी।

ज बागबानी परियोजना

(हिमाचल प्रदेश)

5.20 कृ पु वि निगम ने 10 केंद्रों के दर्जा बंदी (ग्रेडिंग) और पैकिंग गृहों की योजनाओं के लिए स्वीकृति दी है। हिमाचल प्रदेश अभिसस्करण और विपणन समिति ने दो दर्जा बंदी और पैकिंग गृहों के लिए आवश्यक मशीनें आयात कर ली हैं और इनमें से एक केंद्र का निर्माण कार्य अगस्त 1977 तक पूरा होने की आशा की जाती है।

झ रूई विकास परियोजना

5.21 समेकित रुई विकास परियोजना के अधीन कृ पु वि निगम ने महाराष्ट्र, पंजाब और हरियाणा के चुने हुए क्षेत्रों में खरीफ़ मौसम 1976-77 में कपास की उन्नत किस्में पैदा करने के लिए 4·2 करोड़ रुपयों के अल्पावधि ऋण मंजूर किये हैं। इन अल्पावधि ऋण सीमाओं के अंतर्गत किये गये वितरण आशा के अनुरूप नहीं हैं परन्तु इनमें सुधार होने की आशा है। कृ पु वि निगम द्वारा वर्ष 1977-78 के लिए 3·5 करोड़ रुपये की अल्पावधि ऋण सीमा पहले ही मंजूर की जा चुकी है।

5.22 अभिसस्करण अंश के संबंध में कृ पु वि निगम द्वारा दो अध्ययन दलों का गठन किया गया है। इनमें हरियाणा रुई की धुनाई और बीज अभिसस्करण संयंत्रों की स्थापना की संभावनाओं की रिपोर्ट तैयार करने के लिए तकनीकी परामर्शदाता भी शामिल हैं।

ञ मछली पालन परियोजना

5.23 अ वि संघ/अ पु वि बैंक ने गुजरात मछलीपालन परियोजना के लिए अप्रैल 1977 में मंजूरी दी थी। इस परियोजना में गुजरात के मछलीपालन व्यवसाय के समेकित विकास की परिकल्पना की गयी है जिसमें गरोल और वेरावल स्थित मछली पकड़ने के बंदरगाहों को विकसित करना, तटीय सुविधाओं में सुधार करना और मछली अभिसस्करण यूनिटों के लिए प्रशीतन और बर्फ संयंत्रों की स्थापना तथा पारंपरिक मछुओं को सहायता देने के लिए ऋण की व्यवस्था शामिल है।

ट निर्माणाधीन परियोजनायें

5.24 निर्माणाधीन परियोजनाओं में द्वितीय राष्ट्रीय बीज परियोजना, कर्नाटक की कृष्णा के ऊपरी कमान क्षेत्र की विकास परियोजना तथा उड़ीसा की मध्यम और लघु सिंचाई

तथा कमान क्षेत्र की विकास परियोजनाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय बीज परियोजना के दूसरे चरण के अंतर्गत उड़ीसा, बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक राज्य के आने की संभावना है। अप्रैल 1977 में अ वि संघ का एक आयोग परियोजना का मूल्यांकन करने के लिए भारत के दौरे पर आया था। इस आयोग के साथ कृ पु वि निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी भी सम्बद्ध थे। विश्व बैंक के एक पर्यवेक्षण आयोग ने पूर्वी क्षेत्र की अनाज परियोजना के अंतर्गत बिहार में अनाज का उत्पादन बढ़ाने के लिये योजनायें एवं परियोजनायें तैयार करने के निमित्त बिहार का व्यापक सर्वेक्षण किया था। इस परियोजना के एक अंग के रूप में अ वि संघ के एक आयोग ने असम कृषि ऋण परियोजना का भी मूल्यांकन किया था। इस आयोग के साथ कृ पु वि निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ऋण विशेषज्ञ के रूप में सम्बद्ध थे। कृ पु वि निगम की दूसरी ऋण परियोजना के अंतर्गत बिहार और असम की दोनों परियोजनाओं अधीन क्षेत्रों का ऊपरी विकास करने के लिए ऋण प्रदान किया जायेगा। कृ पु वि निगम को सामान्य ऋण की ऐसी प्रणाली मंजूर की गई है जिसकी अनुपूर्ति प्रत्येक दो वर्षों में की जाएगी। इस प्रणाली के फलस्वरूप लघु सिंचाई, खेतों के ऊपरी विकास तथा अन्य विशेषीकृत उधार देने की अ वि संघ द्वारा सहायता की गई परियोजनाओं के अलग अलग राज्यों के अनुसार तैयार किये जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम हो गई है।

भावी स्वरूप

पिछली वार्षिक रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि निगम ने पांचवी योजना के दौरान लगभग 900 करोड़ रुपये के अपने पिछले संदर्श ऋण कार्यक्रम की समीक्षा की थी और उसे बढ़ाकर 1025 करोड़ रुपये तक कर दिया था। पांचवी योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान संशोधित संदर्श ऋण कार्यक्रम तथा उपलब्धियां नीचे सारणी में दर्शायी गयी है:

सारणी 11
संदर्श कार्यक्रम

करोड़ रुपये

वर्ष (अप्रैल-मार्च)	मूल कार्यक्रम	संशोधित कार्यक्रम	वितरित पुनर्वित्त	
			वित्तीय वर्ष (अप्रैल-मार्च)	लेखा वर्ष (जुलाई-जून)
1974-75	101 (वास्तविक)	120	101	106
1975-76	140	140	155	171
1976-77	185	220	210	221
1977-78	216	260		
1978-79	238	285		
	880	1025		

6 2 परिकल्पित वितरणों के बारे में यह माना गया है कि वे वास्तविक हैं। कृ पु वि निगम की द्वितीय ऋण परियोजना के अंतर्गत अ वि संघ द्वारा किया गया निधियों का वायदा भी निगम द्वारा तैयार किये गये कार्यक्रम पर आधारित है। अगले कुछ वर्षों के दौरान उधार देने के कार्यक्रमों में लघु सिंचाई के लिए उधार देने पर जोर दिया जाता रहेगा। इन योजनाओं का स्वरूप इस प्रकार है कि इनसे शीघ्र ही आय होगी और इनसे लघु और सीमान्त किसानों तथा समुदाय के अन्य कमजोर वर्गों की बहुत बड़ी संख्या लाभान्वित होगी। भूमिगत जल की अभी भी काफी ऐसी क्षमता विशेषकर केन्द्रीय, पूर्वी और दक्षिण पूर्वी क्षेत्रों में विद्यमान है जिसका उपयोग किया जाना है। जो पूर्वी क्षेत्र अनाज परियोजना अ वि संघ के अंतर्गत तैयार की जा रही है उसका विशिष्ट उद्देश्य इस क्षमता का उपयोग करना है। राज्य विद्युत बोर्डों को पम्पसेटों के विद्युतीकरण हेतु वित्त प्रदान करने की योजना को और अधिक उदार बनाया गया है ताकि किसान लघु सिंचाई के साधनों का शीघ्र ही फायदा उठा सकें। जिन क्षेत्रों में भूमिगत जल का दोहन पहले से ही काफी अधिक किया जा रहा है वहां उचित जल व्यवस्था शुरू करने के उपाय अपनाने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। जहां सतही जल सिंचाई की गुंजाइश, उदाहरणार्थ महाराष्ट्र, विद्यमान वहां उद्वाही सिंचाई यूनिटों का प्रवर्तन किया जा रहा है। इसके साथ ही, समस्या मूलक क्षेत्रों में क्षमता का और अधिक दोहन किये जाने पर कारगर नियंत्रण रखना अनिवार्य है और इसमें भूमिगत जल के स्रोतों के बारे में कानून बनाये जाने सहित राज्य को प्रभावकारी नियंत्रण की आवश्यकता का महत्व स्पष्ट हो जाना चाहिये। केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड ने पहले ही ऐसे क्षेत्रों को अभिनिर्धारित कर दिया है जहां भूमिगत जल के और अधिक विकास का प्रवर्तन करने के लिए अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है

जब तक राज्य भूमिगत जल निदेशालय इन क्षेत्रों में और अधिक क्षमता की उपलब्धता को प्रमाणित करने के लिए ब्योरेवार अध्ययन नहीं करा लेता, निगम इन क्षेत्रों की योजनाओं को मंजूर नहीं करेगा।

6.3 आगामी वर्षों में निगम लघु और सीमान्त कृषकों तथा समुदाय के अन्य कमजोर वर्गों की ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति करने पर ध्यान देता रहेगा। निगम यह सुनिश्चित करने के लिये वचनबद्ध है कि उसके वितरण का 50 प्रतिशत भाग लघु कृषकों को प्राप्त हो।

6.4 निगम के कार्यकलापों की बढ़ती हुई मात्रा और जटिलता के कारण यह आवश्यक हो गया है कि उसके संगठन के स्वरूप एवं उसकी कार्य पद्धति की समय समय पर समीक्षा की जाए। इस बारे में वर्ष 1973 में स्थापित प्रथम समीक्षा समिति द्वारा की गई सिफारिशों को लागू किया जा चुका है। उसके बाद कारोबार में होने वाले विकास के कारण यह आवश्यक हो गया है कि दूसरी नई समीक्षा की जाए। अत. निगम ने अपने संगठन, अपनी क्रिया विधियों तथा कार्य पद्धतियों की समीक्षा करने तथा कार्य-संपादन का उच्चतर स्तर प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करने के निमित्त एक द्वितीय समीक्षा समिति नियुक्त की है। समिति ने एक अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसके आधार पर पहले ही कार्रवाई शुरू की जा चुकी है।

वित्त

1975-76 और 1976-77 के दो वर्षों के दौरान अपने उधार कार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिये कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम की निधियों के प्रमुख स्रोत तथा 1972-73 से 1975-76 तक के पांच वर्षों के दौरान विभिन्न मदों की प्रवृत्तियाँ निम्नलिखित सारणी में दर्शाई गई हैं।

सारणी 12

निधियों का स्रोत

करोड़ रुपये

	1975-76	जोड़ का प्रतिशत	1976-77	जोड़ का प्रतिशत	जून 1972 जून 1977	जोड़ का प्रतिशत
1. चुकता शेयर पूंजी और आरक्षित निधि/अधिशेष	6 67	3.6	12.72	5.1	31 67	4.3
2. भारतीय रिजर्व बैंक की विशिष्ट जमाराशियाँ	0.51	0.3	0 62	0.3	1.96	0.3
3. भारत सरकार से लिये गये उधार						
(क) अं वि संघ की निधियाँ	53 47	29.1	90.00	36.5	260.45	35.0
(ख) अन्य	—	—	—	—	3.99	0.5
4. भारतीय रिजर्व बैंक से लिये गये उधार						
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दी० प्र० निधि)	60.00	32.7	50.00	20.3	203.00	27.3
5. बॉण्ड	38.50	20 9	44.00	17.8	154.00	20.6
6. बैंकों द्वारा की गई चुकौतियाँ	24.59	13.4	48.00	19.4	87.50	11.8
7. विशेष ऋण लेखा जमाराशियाँ	—	—	1 52	0.6	1.52	0.2
जोड	183.74	100.0	246.86	100 0	744.09	100.0

शेयरपूंजी

7.2 इस वर्ष के दौरान निगम की अधिकृत पूंजी को बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दिया गया। कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने सितम्बर 1976 में 10 करोड़ रुपयों के चुकता मूल्य के शेयरों की छठी शृंखला जारी की। इन शेयरों पर गारंटीकृत लाभांश 6.25 प्रतिशत था। 30 जून 1977 के अंत में निगम की कुल चुकता पूंजी 35 करोड़ रुपये थी। 30 जून 1977 को निगम की शेयरपूंजी में शेयरधारियों के विभिन्न वर्गों के अंशदान नीचे दर्शाये गये अनुसार है।

सारणी 13
शेयर में अंशदान के स्रोत

करोड रुपये

	शेयर		जोड का प्रतिशत
	संख्या	मूल्य	
1. भारतीय रिजर्व बैंक	19126	19.13	54.7
2. केन्द्रीय भूमि विकास बैंक	6095	6.10	17.4
3. राज्य सहकारी बैंक	2833	2.83	8.1
4. अनुसूचित वाणिज्य बैंक	6231	6.23	17 7
5. भारतीय जीवन बीमा निगम	343	0.34	1.0
6. अन्य बीमा और निवेश कंपनियाँ	372	0.37	1.1
	35000	35.00	100.0

भारत सरकार से लिये गये उधार

7.3 वर्ष 1976-77 के दौरान कृ पु वि निगम सरकार से 90 करोड़ रुपये उधार लिये है और यह राशि विश्व बैंक अनुदान परियोजना के अन्तर्गत वितरित की गई राशि की प्रतिपूर्ति के रूप मे उधार ली गई है। जून 1977 के अन्त तक कृ पु वि निगम द्वारा भारत सरकार से लिये गये उधारो की कुल राशि 340.1 करोड़ रुपये थी।

बाजार से लिये गये उधार

7.4 कृ पु वि निगम द्वारा अपने वायदों की पूर्ति के लिए पर्याप्त साधन जुटाने के निमित्त वह समय समय पर खुले बाजार के उधारो का सहारा लेता है। इस वर्ष कृ पु वि निगम के कुल मिलाकर 44 करोड रुपये की राशि (10 प्रतिशत अधिक के अनुमत अभिदानों सहित) के बांडो की xi और x–ii शृखला जारी की है। इन 10 वर्षीय बांडो को 99 रुपये की भाजन दर पर जारी किया गया है और इन पर 6 प्रतिशत की दर से वार्षिक ब्याज दिया जायेगा। जून 1977 के अत मे कृ पु वि निगम के बाजार से लिये गये उधार 181 71 करोड रुपये के थे। नीचे की सारणी मे इस वर्ष के दौरान जारी की गई दो शृंखला के लिये विभिन्न अभिदाताओ से प्राप्त बाडो की पिछली शृखलाओ के लिए किये गये सकल अभिदान दर्शाये गये है।

सारणी 14
बांडों मे अभिदान

करोड़ रुपये

अभिदाता	i से x	xi	xii	जोड़
1. भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंक	29.15	1.49	8.49	39.13
2. राष्ट्रीयकृत बैंक	56.56	4.40	8.60	69.56
3. अन्य वाणिज्य बैंक	8.73	0 81	1.34	10.88
4. भारतीय जीवन बीमा निगम	1.30	0.15	0.25	1.70
5. अन्य बीमा और निवेश कंपनियां	0.96	0.23	0 15	1.34
6. सहकारी बैंक	40.21	9.40	8.66	58.27
7. अन्य	0.80	0.02	0.01	0.83
जोड़	137.71	16.50	27.50	181.71

भारतीय रिजर्व बैंक से लिये गये उधार

7.5 भारतीय रिजर्व बैंक ने इस वर्ष के दौरान राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से 50 करोड रुपयो की आहरण सीमा मंजूर की और इस सीमा का पूरा उपयोग किया गया। पिछले ऋणो के लिए 15 8 करोड़ रुपये की चुकौती की व्यवस्था करने के बाद जून 1977 के अंत में भारतीय रिजर्व बैंक की 172.6 करोड़ रुपये की राशि बकाया रहती है।

7.6 भारतीय रिजर्व बैंक ने कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम को अल्पावधि ऋण के रूप में 10 करोड़ रुपये की सीमा भी मंजूर की है। जून 1977 के अंत तक इस लेखे मे कोई भी उधार बकाया नही था।

सारणी 15
पुनर्वित्त की अदायगी

करोड़ रुपये

एजेंसी	कृ पु वि निगम की योजनाएं	अ वि संघ द्वारा सहायता की गई योजनाएं	जोड
1. अनुसूचित वाणिज्य बैंक	25.89	9.56	35.45
2. राज्य भूमि विकास बैंक	17.79	33.10	50.89
3. राज्य सहकारी बैंक	6.44	—	6.44
जोड़	50.12	42.66	92.78

अदायगियाँ

7.7 वर्ष 1976-77 के दौरान सदस्य बैंको के द्वारा की गई अदायगियों की राशि 48 करोड रुपये है जबकि पिछले वर्ष के दौरान यह राशि 24.59 करोड रुपये थी। 30 जून 1977 के अंत तक की गई 92 78 करोड़ रुपयों की कुल अदायगियो का एजेंसीवार विभाजन नीचे की सारणी मे दिया गया है:

7.8 इस वर्ष के दौरान कृ पु वि निगम के सदस्यों के रूप में 12 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको सहित 13 बैंकों को सदस्य बनाया गया है।

जनरल इनश्योरेंस कार्पोरेशन ग्राफ इंडिया, ग्रोरियन्ट फायर एण्ड जनरल इनश्योरेंस तथा नेशनल इनश्योरेंश कम्पनी लिमिटेड भी निगम के शेयरधारी हो गये हैं।

7.9 नारग बैंक ग्राफ इंडिया का युनाइटेड बैंक ग्राफ इंडिया के साथ विलय हो जाने के फलस्वरूप वह कृ पु वि निगम का सदस्य नही रह गया है। इस प्रकार 30 जून 1977 को निगम की कुल सदस्य सख्या 129 है जबकि वह पिछले वर्ष 114 थी।

निदेशक बोर्ड

7.10 इस बार निदेशक बोर्ड की 7 बार बैठकें हुई हैं।

7.11 कृ पु वि निगम अधिनियम, 1963 की धारा 10 (च) ग्रौर (ड) के अधीन श्री पी० सी० डी० नम्बियार, प्रबंध निदेशक (इस बीच भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष नियुक्त हो गये हैं) ग्रौर वीर शेट्टी कुसनूर, निदेशक, कर्नाटक राज्य सहकारी शीर्ष बैंक लिमिटेड क्रमशः श्री टी० ग्रार० वरदाचारी ग्रौर श्री एम० ग्रार० पटेल, के स्थान पर निदेशक के रूप मे चुने गये हैं। कृ पु वि निगम अधिनियम, 1963 की धारा 10 (घ) के अधीन कर्नाटक राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड के श्री बी० एम० विश्वनाथन को कृ पु वि निगम के निदेशक के रूप मे पुन. निर्वाचित किया गया है।

7.12 डॉ० सी० डी० दाते, कार्यपालक निदेशक की सेवा निवृत्ति के फलस्वरूप कृ पु वि निगम अधिनियम, 1963 की धारा 10 (ख) के अधीन भारतीय रिजर्व बैंक ने डॉ० ए० के० बनर्जी को कृ पु वि निगम के बोर्ड मे नामित किया है। इस बीच श्री के० माधवदास, कार्यपालक निदेशक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा डॉ० ए० के० बनर्जी के स्थान पर नामित किये गये हैं।

7.13 बोर्ड डॉ० सी० डी० दाते, डॉ० ए० के० बनर्जी, श्री टी० ग्रार० वरदाचारी ग्रौर श्री एम० ग्रार० पटेल द्वारा कृ पु वि निगम को दी गई बहुमूल्य सेवाग्रो के लिये उनके प्रति ग्रपना हार्दिक ग्राभार प्रकट करता है।

हिन्दी का प्रयोग

7.14 कृ पु वि निगम के दैनिक कामकाज मे हिन्दी के प्रयोग का प्रसार करने के लिये उसे भारतीय रिज़र्व बैंक की राजभाषा कार्यान्वियन समिति में प्रतिनिधित्व दिया गया है। हिन्दी मे प्राप्त सभी पत्रो के उत्तर हिन्दी ग्रौर ग्रंग्रेजी मे एक साथ दिये जाते हैं। कृ पु वि निगम की वार्षिक रिपोर्ट हिन्दी ग्रौर ग्रंग्रेजी दोनों में ही प्रकाशित होती है। हिन्दी के प्रयोग का प्रसार करने ग्रौर कर्मचारियो को हिन्दी प्रशिक्षण की सुविधाये प्रदान करने के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जो कदम उठाये गये है निगम उनमें ग्रपने ग्राप को सबद्ध करता ग्रा रहा है।

लाभ

7.15 ग्रायकर ग्रधिनियम 1961 के ग्रधीन ग्रनुमत विशेष ग्रारक्षित निधि के लिए 196.5 लाख रुपयों ग्रर्थात् वर्तमान लाभ के 25 प्रतिशत की व्यवस्था करने के बाद निगम को वर्ष 1976-77 के दौरान विनियोजन हेतु प्राप्त राशि 248.54 लाख रुपये थी। प्राप्त लाभ को निदेशको ने निम्नानुसार विनियोजित करने की सिफारिश की है:

	लाख रुपये
ग्रारक्षित निधि को ग्रतरण	75.15
शेयरो के लिए लाभाश	175.39
	248.54

निदेशकों की ग्रोर से

23 ग्रगस्त 1977

आर० के० हजारी
ग्रध्यक्ष

व्याख्यात्मक टिप्पणियां

1. राशियों का निकटतम लाख रुपयों में पूर्णांकन कर दिया गया है।
2. विवरणो में निम्नलिखित चिन्हो/संक्षिप्त नामो का उपयोग किया गया है।

चिन्ह @अद्यतन उपलब्ध आकड़े
--शून्य या नगण्य

संक्षिप्त नाम

प्रयोजन .

लसि	= लघु सिचाई
भूवि	= भूमि विकास/उद्धार/सरक्षण/कमान क्षेत्र विकास
कृम/कृसेकें	= कृषि मशीनीकरण/कृषि सेवा केंद्र
बान/बानी	= बागान/बागवानी
मूपा/भेपा	= मूर्गीपालन/भेड़ पालन
मपा	= मछलीपालन
डेवि	= डेरी विकास
भ/बा	= भडार/बाजार केंद्र
वा	= वानिकी
कृवि	= कृषि विमानन
गोसं	= गोबर संयंत्र
सरूविप	= समेकित रुई विकास परियोजना

एजेंसी .

1. राभूवि बैंक	= राज्य भूमि विकास बैंक
2. अवा बैंक	= अनूसूचित वाणिज्य बैंक
3. रास बैंक	= राज्य सहकारी बैंक

विवरण 1

वायदों की तुलना में पुनर्वित्त प्राप्त करने की प्रवृत्ति

लाख रुपये

वर्ष (जूलाई-जून)	प्रत्येक वर्ष के अंत में स्वीकृत योजनाओं की संख्या	प्रावस्थाक्रम के अनुसार कृषुवि निगम के वायदे		वितरण		वितरित राशियों का वायदे से प्रतिशत	
		वर्ष के दौरान	वर्ष के अंत तक	वर्ष के दौरान	वर्ष के अंत तक	वर्ष के दौरान	वर्ष के अंत तक
1963-64	3	—	—	—	—	—	—
1964-65	13	447	447	45	45	10.1	10.1
1965-66	36	828	873	445	490	53 7	56.1
1966-67	42	940	1430	208	698	22.1	48.8
1967-68	128	1850	2548	567	1265	30.6	49.6
1968-69	233	4594	5859	1784	3049	38 8	52.0
1969-70	371	6166	9215	2860	5909	46.4	64.1
1970-71	458	6658	12567	3062	8971	46.0	71.4
1971-72	711	8633	17604	3498	12469	40.5	70.8
1972-73	923	16671	29140	9414	21883	56.5	75.1
1973-74	1457	18820	43556	9784	31667	52.0	72.7
1974-75	2053	18754	60873	10640	42307	56.8	69.5
1975-76	2905	29652	84778	17115	59420	57.7	70.1
1976-77	4487	38062	109005	22082	81502	58.0	74.8

विवरण 2

1976–77 के दौरान स्वीकृतियाँ-प्रयोजनवार

लाख रुपये

प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषुवि निगम के वायदे	राज्य सरकारों/ बैंकों के वायदे
लघु सिंचाई	657	20315	17752	2563
भूमि विकास/उद्धार/संरक्षण/कमान क्षेत्र विकास	193	3375	2711	664
कृषि मशीनीकरण/कृषि सेवा केंद्र	227	4895	3704	1191
बागान और बागवानी	103	1641	1303	338
मूर्गी पालन और भेड़ पालन	53	400	316	84
मछली पालन	48	421	343	78
डेरी विकास	157	1571	1220	351
भण्डार और बाजार केंद्र	190	3096	2522	574
अन्य :				
कृषि विमानन	1	30	23	7
समेकित रूई विकास	14	745	575	170
वानिकी	9	299	244	55
गोबर संयंत्र	1	2	2	—
जोड़	1653	36790	30715	6075

विवरण 3

1976–77 के दौरान स्वीकृतियां—क्षेत्रवार और राज्यवार

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषि निगम के वायदे	राज्य सरकारों/ बैंको के वायदे
I उत्तरी क्षेत्र				
हरियाणा	93	3861	3057	804
हिमाचल प्रदेश	13	251	219	32
जम्मू और कश्मीर	2	25	18	7
पंजाब	59	2074	1635	439
राजस्थान	69	2629	2139	490
	236	8840	7068	1772
II उत्तरी–पूर्वी क्षेत्र				
असम	15	115	103	12
मणिपुर	1	4	3	1
मेघालय	3	60	53	7
त्रिपुरा	1	3	2	1
नागालैंड	2	50	40	10
	22	232	201	31
III पूर्वी क्षेत्र				
बिहार	101	3195	2863	332
उड़ीसा	79	2481	2230	251
पश्चिम बंगाल	52	1546	1389	157
	232	7222	6482	740
IV–मध्य क्षेत्र				
मध्य प्रदेश	118	2305	1940	365
उत्तर प्रदेश	269	2210	1766	444
	387	4515	3706	809
V–पश्चिमी क्षेत्र				
गोवा	7	127	100	27
गुजरात	87	1793	1489	304
महाराष्ट्र	242	4027	3177	850
	336	5947	4766	1181
VI–दक्षिणी क्षेत्र				
आंध्र प्रदेश	118	2790	2334	456
कर्नाटक	197	4381	3843	538
केरल	43	1606	1280	326
तमिलनाडु	82	1257	1035	222
	440	10034	8492	1542
कुल जोड़ (I से VI तक)	1653	36790	30715	6075

लाख रुपये

विवरण 4

1976–77 के दौरान स्वीकृतियां–एजेंसीवार

एजेंसी	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषुवि निगम के वायदे	राज्य सरकारो/ बैंको के वायदे
राज्य भूमि विकास बैंक	528	16130 (43 8)	14088 (45.9)	2042
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	1105	19419 (52.8)	15611 (50.8)	3808
राज्य सरकारी बैंक	1141	(3.4)	1016 (3.3)	225
जोड़	1653	36790 (100.0)	30715 (100.0)	6075

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े कुल का प्रतिशत है।

विवरण 5

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का वितरण–प्रयोजनवार

लाख रुपये

प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	वित्तीय सहायता	कृषुवि निगम के वायदे	राज्य सरकारो/ बैंकों के वायदे	वितरण
लघु सिंचाई	2175	112224	100102	12122	58830
भूमि विकास/उद्धार/संरक्षण/कमान क्षेत्र विकास	309	16180	12775	3405	4063
कृषि मशीनीकरण/कृषि सेवा केंद्र	711	21730	16575	5155	11665
बागान/बागवानी	385	7454	5771	1683	2165
मुर्गी पालन/भेड़ पालन	124	812	666	146	232
मछली पालन	168	2395	1837	558	902
डेरी विकास	325	3678	3003	675	953
भण्डार और बाजार केन्द्र	272	6328	5367	961	2652
अन्य :					
कृषि विमानन	3	53	40	13	17
वानिकी	12	465	360	105	18
समेकित रूई विकास परियोजना	2	5	5	—	5
गोबर संयंत्र	1	2	2	—	—
जोड़	4487	171326	146503	24823	81502

विवरण 6

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे			वितरण	
					जोड	प्रावस्थाकरण		1976-77 के दौरान	30 जून 1977 तक
						1976-77 तक	1976-77 के दौरान		
I उत्तरी क्षेत्र									
दिल्ली	2	कृम	3	115	93	82	15	7	53
		मुपा	1	20	16	16	—	—	—
		डेवि	4	22	20	20	15	3	5
	3	मुपा	1	12	12	12	12	—	6
			9	169	141	130	42	10	64
हरियाणा	1	लसि	39	6304	5673	5259	1188	544	3669
		भूवि	5	383	307	226	66	24	56
		कृम	5	1183	887	736	317	264	707
		बान/बानी	2	54	40	40	—	—	30
		डेवि	1	51	38	38	24	—	--
	2	लसि	54	4153	3380	2181	600	410	1652
		भूवि	14	145	115	59	59	—	—
		कृम	44	1475	1106	1038	518	380	937
		मुपा	3	21	20	15	6	3	5
		भेपा	1	2	1	1	1	—	—
		डेवि	9	88	76	55	19	3	35
		भाबा	22	259	206	206	206	139	139
		कृवि	1	30	23	23	23	—	—
		मरूविय	1	3	3	3	3	3	3
	3	डेवि	1	20	15	15	—	—	15
		भाबा	4	267	262	262	—	—	243
			206	14438	12152	10157	3030	1770	7491
हिमाचल प्रदेश	1	लसि	1	20	18	5	5	—	—
		बान/बानी	2	78	58	29	16	2	13
	2	कृम	1	14	11	11	—	--	11
		बान/बानी	10	178	160	—	—	—	—
		मुपा	1	6	6	6	2	—	--
		डेवि	3	25	23	18	7	—	4
			18	321	276	69	30	2	28

विवरण—6 (जारी)

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य संघ शासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृषि निगम के बायदे			वितरण	
					जोड़	प्रावस्थाकरण			
						1976-77 तक	1976-77 के दौरान	1976-77 के दौरान	30 जून 1977 तक
जम्मू और कश्मीर	1	भूवि	1	8	7	7	—	—	—
		कृम	1	34	26	21	9	6	16
		बान/बानी	3	130	97	94	3	—	78
	2	भूवि	1	3	2	1	1	—	—
		कृम	2	37	29	17	10	—	—
		डेवि	1	7	7	4	3	—	—
			9	219	168	144	26	6	94
पंजाब	1	लमि	32	3131	2837	2803	59	131	2590
		भूवि	14	892	733	552	134	90	309
		कृम	3	1310	982	982	544	322	750
		बान/बानी	2	187	141	141	—	—	—
	2	लमि	19	1597	1282	823	269	115	426
		भूवि	3	184	144	35	27	—	—
		कृम	40	3139	2349	2289	1398	992	1867
		मृपा	1	1	1	1	—	—	—
		डेवि	21	225	202	168	82	23	75
		भाबा	26	343	274	265	168	54	101
		सरूविप	1	2	2	2	2	2	2
	3	कृम	1	18	16	16	—	2	16
		डेवि	4	108	88	88	—	—	—
		भाबा	4	747	730	730	—	—	651
			171	11884	9781	8895	2683	1731	6787
राजस्थान	1	लमि	82	3696	3434	2444	790	318	1346
		भूवि	5	480	360	352	21	6	19
		बान/बानी	1	39	29	25	2	3	18
	2	लमि	28	865	702	474	166	79	206
		कक्षेवि	18	3899	3094	715	554	174	189
		कृम	19	637	483	372	165	95	274
		कृसेके	2	39	29	25	13	2	11
		मृपा	2	14	10	7	3	—	—
		डेवि	13	193	156	51	47	18	22
		भाबा	25	659	525	443	288	92	176
			195	10521	8822	4908	2049	787	2341
			608	37552	31340	24303	7860	4306	16805

विवरण—6 (जारी)

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृषि निगम के वायदे			वितरण 1976-77 के दौरान	30 जून 1977 तक
					जोड़	प्रावस्थाकरण			
						1976-77 तक	1976-77 के दौरान		
II उत्तर पूर्वी क्षेत्र									
असम	1	बान/बानी	1	5	4	3	1	—	—
	2	लसि	7	184	168	125	73	12	15
		कुम	1	6	5	2	2	3	3
		बान/बानी	12	240	210	180	45	37	173
		डेवि	4	25	23	12	9	2	3
		भाबा	6	46	41	32	22	16	16
			31	506	451	354	152	70	210
मणिपुर	2	लसि	1	4	3	1	1	—	—
		कुम	1	41	37	17	5	8	13
			2	45	40	18	6	8	13
मेघालय	2	बान/बानी	2	11	10	—	—	—	—
		मुपा	2	5	5	—	—	—	—
		वा	1	49	44	20	20	—	—
			5	65	59	20	20	—	—
नागालैंड	2	भाबा	1	3	2	2	2	1	2
	3	भूवि	1	30	30	30	10	2	11
			2	33	32	32	12	3	13
त्रिपुरा	2	लसि	3	18	16	5	5	2	2
		बान/बानी	1	5	5	3	2	—	1
		वा	2	50	40	—	—	—	—
			6	73	61	8	7	2	3
			46	722	643	432	197	83	239

विवरण 6 (जारी)

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृषि निगम के वायदे			वितरण 1976-77 के दौरान	30 जून 1977 तक
					जोड़	प्रावस्थाकरण			
						1976-77 तक	1976-77 के दौरान		
III पूर्वी क्षेत्र									
बिहार	1	लसि	19	4997	4498	3194	728	702	2683
		भूवि	1	112	84	84	—	—	84
		कृम	2	142	128	84	44	60	60
		बान/बानी	1	14	11	6	3	2	3
		मपा	1	46	41	—	—	—	—
	2	लसि	108	4684	4188	3262	1203	656	1296
		कृम	17	643	556	366	165	82	324
		डेवि	2	12	11	2	2	—	—
		भांबा	38	1189	1065	751	500	179	463
		वा	3	166	116	65	29	15	15
	3	डेवि	2	70	53	53	—	—	10
			194	12075	10751	7867	2674	1696	4938
उड़ीसा	1	लसि	54	3277	2941	1680	1170	320	436
		भूवि	7	115	91	68	23	7	31
		कृम	1	80	60	60	10	3	15
		बान/बानी	9	263	208	117	30	27	75
	2	लसि	78	2087	1883	1520	1006	127	379
		भूवि	4	97	81	79	19	6	15
		कृम	1	25	20	20	6	1	10
		बान/बानी	6	47	44	10	8	—	1
		मपा	1	39	35	22	15	—	—
		डेवि	1	9	8	5	2	—	—
		भांबा	5	38	32	15	15	2	2
	3	लसि	14	581	523	262	262	72	72
		मपा	1	39	35	22	15	—	—
		डेवि	1	19	18	18	7	—	—
			183	6716	5979	3898	2588	565	1036

विवरण 6 (जारी)

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे			वितरण	
					जोड़	प्रावस्थाकरण		1976-77 के दौरान	30 जून 1977 तक
						1976-77 तक	1976-77 के दौरान		
पश्चिम बंगाल	1	लसि	39	1543	1394	869	402	279	451
		कृम	1	28	25	11	6	—	—
		बान/बानी	7	108	96	40	20	2	7
	2	लसि	43	1167	1049	444	357	283	321
		कृम	5	86	78	70	25	10	35
		बान/बानी	5	40	36	29	4	6	29
		मुपा	3	41	37	9	7	—	2
		डेवि	3	19	18	15	4	3	7
		भांबा	8	142	120	94	73	7	7
			114	3174	2853	1581	898	590	859
			491	21965	19583	13346	6160	2851	6833
VI केंद्रीय क्षेत्र									
मध्य प्रदेश	1	लसि	103	6940	6257	5702	3741	1521	4315
		भूवि	3	166	125	125	4	14	30
		कृम	3	246	184	103	29	—	72
		बान/बानी	2	31	23	14	14	—	—
	2	लसि	138	4186	3740	3705	3529	882	2221
		कृम	24	980	757	573	234	133	392
		कृसेके	88	76	59	59	13	20	35
		बान/बानी	1	2	2	—	—	—	1
		डेवि	14	182	149	38	28	1	—
		भांबा	30	303	242	210	194	25	25
		वा	6	200	160	60	60	3	3
		गोसं	1	2	2	—	—	—	—
	3	भांबा	1	27	20	11	11	11	11
			414	13341	11720	10600	7875	2610	7105

विवरण 6 (जारी)

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की कूट संख्या	प्रयोजन	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृषिवि निगम के वायदे			वितरण 1976-77 के दौरान	30 जून 1977 तक
					जोड़	प्रावस्थाकरण			
						1976 77 तक	1976-77 के दौरान		
उत्तर प्रदेश	1	लसि	146	16464	14892	11169	2405	2003	8307
		भूवि	9	68	54	31	22	—	—
		कक्षेवि	91	309	275	99	99	—	—
		बान/बानी	8	182	137	90	23	6	22
	2	लसि	68	1798	1583	1048	270	426	1007
		भूवि	4	951	709	705	537	28	193
		कसेवि	42	58	48	16	16	—	—
		कृम	194	4102	3149	2807	982	958	2047
		भेपा	1	3	2	2	1	—	—
	2	डेवि	27	393	322	182	93	38	86
		भांबा	28	539	411	359	343	261	269
	3	डेवि	2	64	48.	48	—	—	—
		भाबा	1	155	155	155	—	—	150
			621	25086	21785	16711	4791	3720	12081
			1035	38427	33505	27311	12648	6330	19186
V पश्चिमी क्षेत्र									
गोवा	2	लसि	2	20	14	14	11	—	3
		बान/बानी	1	8	6	2	2	—	—
		मुपा	2	6	4	4	2	1	1
		मपा	23	159	128	90	40	8	29
		डेवि	1	2	1	1	1	—	—
	3	मपा	1	40	30	30	4	15	22
			30	234	183	141	60	24	55

विवरण 6 (जारी)

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी की प्रयोजन कूट संख्या		योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृषिवि निगम के वायदे			वितरण 1976-77 के दौरान	30 जून 1977 तक
					जोड़	प्रावस्थाकरण			
						1976-77 तक	1976-77 के दौरान		
गुजरात	1	लमि	71	6670	6003	5485	59	112	4525
		कृम	1	351	263	263	—	—	233
		बान/बानी	2	30	22	22	—	—	22
		डेवि	5	141	106	—	—	—	—
	2	लसि	25	702	565	395	377	70	77
		कुम	33	953	738	655	259	137	443
		कृसेकें	3	43	34	34	14	3	13
		मुपा	2	46	37	12	12	—	—
		मपा	1	11	9	9	2	2	8
		डेवि	27	341	285	244	64	58	173
		भाबा	12	161	127	127	110	20	38
	3	मपा	2	198	179	77	65	—	—
		भांबा	1	2	2	2	—	—	2
			185	9649	8370	7325	962	402	5534
महाराष्ट्र	1	लसि	135	9151	8224	4094	515	1283	6116
		भूवि	16	2868	2183	566	—	—	368
		कृम	2	271	203	203	—	—	153
		बान/बानी	7	241	198	87	29	13	13
	2	लमि	374	3473	2778	1996	845	230	1200
		*भूवि	1	1	1	1	1	—	—
		कृमि	106	944	725	353	174	211	326
		बान/बानी	4	17	15	11	6	1	1
		मुपा	20	122	96	58	31	26	54
		भपा	1	5	4	—	—	—	—
		मपा	4	51	35	18	21	5	12
		डेवि	93	874	708	332	119	133	365
		भाबा	12	401	319	155	101	22	73
		कृवि	1	7	5	5	—	—	5
	3	मपा	5	180	84	84	—	4	82
			781	18606	15578	7963	1832	1928	8768
			996	28489	24131	15429	2854	2354	14357

*इसमें 8 योजनाओं के लिए प्रदान किये गये 1843 रुपयो के सामान्य अनुमोदन भी शामिल हैं।

विवरण 6 (जारी)

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेंसी और प्रयोजन के अनुसार वितरण।

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघशासित क्षेत्र	एजेंसी	प्रयोजना कूट संख्या	योजनाओं की संख्या	कुल वित्तीय सहायता	कृपुवि निगम के वायदे			वितरण 1976-77 के दौरान	30 जून 1977 तक
					जोड	प्रावस्थाकरण			
						1976-77 तक	1976-77 के दौरान		
VI. दक्षिणी क्षेत्र									
आंध्र प्रदेश	1	लसि	123	8939	8111	7131	2340	1326	4725
		भूवि	30	2239	1820	1525	50	39	1348
		कृम	4	1128	846	796	564	359	591
		बान/बानी	18	342	257	110	49	12	50
		भेपा	12	180	140	84	67	3	7
		मपा	1	188	141	71	71	—	—
		डेवि	13	250	189	88	75	3	22
		मुपा	1	20	15	8	8	—	—
	2	लसि	60	985	840	690	254	92	368
		भूवि	7	132	100	55	18	—	38
		कृम	23	455	345	283	213	159	194
		कृसेकें	4	159	122	87	72	8	21
		बान/बानी	6	7	6	6	2	—	4
		मुपा	38	138	108	100	42	17	55
		भेपा	10	59	52	39	20	6	21
		मपा	11	36	28	17	17	14	14
		डेवि	41	323	273	228	101	56	95
		भाबा	5	47	38	31	31	28	28
	3	लसि	1	11	9	9	9	—	—
		मपा	1	60	39	39	—	—	39
			409	15698	13479	11397	4003	2122	7620

विवरण 6 (जारी)

30 जून 1977 तक स्वीकृत योजनाओं का राज्य, एजेन्सी और प्रयोजन के अनुसार वितरण

लाख रुपये

